सुविचार



मनुष्य अपनी दुर्बलता से भली-भांति परिचित रहता है, पर उसे अपने बल से भी अवगत होना चाहिये।
-जयशंकर प्रसाद

# अमृत विचार

बरेली महानगर

www.amritvichar.com

बरेली, शनिवार, 21 फरवरी 2026


## बरेली के प्रमुख समाचार


- पेशकार से मारपीट, तहसील में वकीलों का धरना-II
- डोर टू डोर जाकर अधिकाधिक फार्म-6 भरवाएं बीएलओ : डीएम -III
- नसीब से मिला है रमजान का महीना, गुनाहों से करें तौबा- IV




| इफ्तार | सहरी |
|---|---|
| शनिवार शाम | रविवार सुबह |
| सुन्नी : 6:11 | सुन्नी : 5:18 |
| शिया : 6:20 | शिया : 5:12 |

# चार जोड़ी और स्पेशल ट्रेनें चलाने की घोषणा, यात्रियों को राहत

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- काठगोदाम से बरेली होते हुए मुंबई जाएगी होली स्पेशल ट्रेन



**अमृत विचार :** होली के चलते रेलवे ने चार जोड़ी और स्पेशल ट्रेनें चलाने की घोषणा की है। इससे यात्रियों को राहत मिलेगी। 09075/09076 मुंबई सेंट्रल -काठगोदाम-मुम्बई सेंट्रल सुपरफास्ट साप्ताहिक होली विशेष ट्रेन का संचालन मुंबई सेंट्रल से 25 फरवरी, 04, 11, 18 एवं 25 मार्च को और काठगोदाम से 26 फरवरी, 05, 12, 19 एवं 26 मार्च को 5 फेरों के लिए चलाया जाएगा।

09075 मुंबई सेंट्रल -काठगोदाम सुपरफास्ट साप्ताहिक होली विशेष गाड़ी 25 फरवरी, 04, 11, 18 एवं 25 मार्च को मुंबई सेंट्रल से 10.55 बजे प्रस्थान कर बोरीवली से 11.25 बजे, दूसरे दिन कोटा से 00.45 बजे, बदायूं से 09.48, बरेली जंक्शन से 10.50, बरेली सिटी से 11.05 बजे, इज्जतनगर स्टेशन से 11.25, बहेड़ी से 12.22, किच्छा से 12.40 , लालकुआं से 13.15 बजे और हल्द्वानी से 13.50 बजे छूटकर काठगोदाम 14.30 बजे पहुंचेगी।

वापसी में 09076 काठगोदाम-मुम्बई सेंट्रल सुपरफास्ट साप्ताहिक होली विशेष गाड़ी 26 फरवरी, 05, 12, 19 एवं 26 मार्च को काठगोदाम से 17.30 बजे प्रस्थान कर हल्द्वानी से 17.52 बजे, बहेड़ी से 19.30 , इज्जतनगर से 20.08, बरेली सिटी स्टेशन से 20.23 , बरेली जंक्शन से 20.47, बदायूं से 21.31, कासगंज से 22.40 बजे, हाथरस सिटी से 23.50, दूसरे दिन मथुरा से 01.15 बजे, बोरीवली से 20.06 बजे छूटकर मुंबई सेंट्रल 21.00 बजे पहुंचेगी। इस गाड़ी में वातानुकूलित तृतीय श्रेणी के 05, द्वितीय श्रेणी का 01, शयनयान श्रेणी के 08, साधारण द्वितीय श्रेणी के 02 और जीएसएलआरडी. के 02 कोच लगाए जाएंगे। यात्रियों को सहूलियत मिलेगी।

### इन स्पेशल ट्रेन का भी होगा संचालन

04530 सरहिंद-मधुबनी विशेष गाड़ी 25 फरवरी, दो और छह मार्च को सरहिंद से दोपहर एक बजे चलने के बाद रात 9 :15 बजे बरेली आएगी। 04529 मधुबनी-सरहिंद विशेष गाड़ी 26 फरवरी, तीन और सात मार्च के लिए मधुबनी से रात 11 बजे चलने के बाद अगले दिन रात नौ बजे बरेली आएगी। 04610 अमृतसर-मानसी जंक्शन विशेष गाड़ी 24, 28 फरवरी और तीन मार्च के लिए अमृतसर से रात 8 :10 बजे चलने के बाद अगले दिन सुबह 7 :30 बजे बरेली पहुंचेगी। 04609 मानसी जंक्शन-अमृतसर विशेष गाड़ी 26 फरवरी, दो और छह मार्च के लिए मानसी जंक्शन से सुबह चार बजे चलने के बाद रात 12 :23 बजे बरेली आएगी। इसके अलावा 04302 हरिद्वार-मुजफ्फरपुर विशेष गाड़ी 25 व 28 फरवरी और तीन मार्च के लिए हरिद्वार से सुबह 11 :45 बजे चलने के बाद शाम पांच बजे बरेली आएगी। 04301 मुजफ्फरपुर-हरिद्वार विशेष गाड़ी 26 फरवरी, एक और चार मार्च के लिए मुजफ्फरपुर से दोपहर 2 :45 बजे चलने के बाद अगले दिन सुबह 9 :21 बजे बरेली जंक्शन पहुंचेगी।

## सिविल लाइंस, महानगर व दुर्गानगर में आज रहेगा शटडाउन

**बरेली, अमृत विचार :** गर्मी में बेहतर बिजली आपूर्ति के लिए विभाग की तरफ से लगातार काम कराए जा रहे हैं। इसको लेकर शनिवार को दुर्गानगर और सिविल लाइंस- 2 सबस्टेशन पर शटडाउन रहेगा। अधिशासी अभियंता राजवीर सिंह ने बताया कि 21 फरवरी शनिवार को सिविल लाइंस- 2 के सिटी स्टेशन, कमल टाकीज और दुर्गानगर सबस्टेशन के जोगी नवादा, वनखंडीनाथ आदि जगह पर सुबह 11 से दोपहर 2 बजे तक का शटडाउन रहेगा। महानगर सबस्टेशन के शहीद भगत सिंह, महानगर- 2 आकांक्षा इंक्लेव में सुबह 11 से लेकर शाम 5 बजे तक का शटडाउन रहेगा।

## सिटी ब्रीफ

### सेंट्रल ड्रग की टीम ने ब्लड बैंक में की जांच

**बरेली, अमृत विचार :** सेंट्रल ड्रग स्टैंडर्ड कंट्रोल ऑर्गेनाइजेशन (सीडीएससीओ) की टीम ने स्थानीय ड्रग इंस्पेक्टर के साथ शुक्रवार को जिला अस्पताल ब्लड बैंक में पहुंचकर वहां की व्यवस्था देखी। ब्लड बैंक इंचार्ज डॉ. अमित दिनकर बताया कि टीम में ड्रग इंस्पेक्टर देवेंद्र प्रताप सिंह, राजेश कुमार व अन्य लोग शामिल रहे। सुबह 11 बजे से टीम ने ब्लड बैंक का रिकॉर्ड और मशीन, दस्तावेजों का रखरखाव देखा। इसमें वर्ष में कितने रक्तदान हुए, कितने बिना डोनर दिए गए, किसे दिए गए, किस ग्रुप की कितनी यूनिट हैं। इसके बारे में जांच की गई। इसके साथ ही डोनर और मास्टर रजिस्टर को भी चेक किया।

## शहर में आज

- यूपी बोर्ड परीक्षा पहली पाली सुबह 8 :30 से 11 :45 बजे और दूसरी पाली दोपहर 2 बजे से शाम 5 :15 बजे।
- सीबीएसई और आईसीएसई बोर्ड परीक्षा सुबह 10 से 1 :30 बजे तक।
- एडवोकेट रजत बिंदल द्वारा लिखित पुस्तक हिन्दू विवाह अधिनियम 1955 कमेंटरी का विमोचन बरेली बार एसोसिएशन सभागार में दोपहर 3 बजे।
- मारवाड़ी युवा मंच नाथ नगरी शाखा की ओर से सात कन्याओं का सामूहिक विवाह कार्यक्रम का आयोजन हरि मंदिर बरातघर में सुबह 9 .30 बजे से।

# निर्माण कार्यों की धीमी चाल से मुश्किल में डगर, खतरे में सफर

## सीएम ग्रिड योजना के दूसरे चरण में एमबी इंटर कॉलेज रोड पर निर्माण कार्य बने आफत, आवाजाही में लोगों को परेशानी झेलनी पड़ रही

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- सड़क खोदाई और पाइप लाइन बिछाने का काम बेतरतीब तरीके से चल रहा

**अमृत विचार :** स्मार्ट बनाने के वादे के साथ शहर में शुरू हुई सीएम ग्रिड योजना अव्यवस्था, लापरवाही और खतरे की पहचान बनती जा रही है। स्टेडियम रोड पर धीमी गति से चल रहे निर्माण कार्य ने जहां वाहन चालकों के धैर्य की परीक्षा ली है, वहीं एमबी इंटर कॉलेज रोड का हाल और भी बेहाल है। निर्माण कार्यों की धीमी चाल से लोगों की दिक्कतें बढ़ रही हैं।

सीएम ग्रिड के दूसरे चरण में कोहाड़ापीर पेट्रोल पंप से जीआरएम, कुदेशिया रोड होते हुए सूद धर्म कांटे तक सड़क खोदाई और पाइप लाइन बिछाने का काम इतने बेतरतीब तरीके से चल रहा है कि वाहन चालकों के सामने हर वक्त खतरा मंडरा रहा है। यह आलम तब है कि जब शासन ने इस काम के लिए 35 करोड़ का बजट जारी किया है। स्थानीय लोगों का कहना है कि कार्यदायी संस्था ने काम की गुणवत्ता और सुरक्षा की परवाह किए बिना सड़क पर मलबे और मिट्टी के ढेर छोड़ दिए हैं। सड़क इतनी संकरी हो गई है कि दोपहिया और चारपहिया वाहन चालकों के लिए यह रोजमर्रा की जद्दोजहद बन गई है। आवाजाही में परेशानी हो रही है। दिन में कई बार जाम लग जाता है और रात के समय हालात और बदतर हो जाते हैं। सड़क किनारे फैले पाइप और खुले छोड़ दिए गए गड्ढे न केवल सड़क को असुरक्षित बनाते हैं, बल्कि किसी बड़े हादसे का निमंत्रण भी हैं। कार्यदायी संस्था को नगर आयुक्त कई बार चेतावनी दे चुके हैं, बावजूद काम में तेजी नहीं आई। नगर निगम के मुख्य अभियंता मनीष अवस्थी ने बताया कि सीएम ग्रिड योजना में होने वाले कामों की मॉनिटरिंग कराई जा रही है। कार्य गति में सुधार नहीं हुआ तो कार्रवाई की जाएगी।



सड़क किनारे खोद कर छोड़े गए गड्ढों से बना हुआ है खतरा। ● अमृत विचार



एमबी इंटर कॉलेज रोड किनारे कुछ इस तरह फैली है अव्यवस्था। ● अमृत विचार

### धूल और गड्ढों में फंसी मरीजों की जिंदगी

कोहाड़ापीर से एमबी इंटर कालेज रोड और स्टेडियम रोड शहर के व्यस्त इलाकों में है, इस रोड पर कई अस्पताल हैं, लेकिन जिम्मेदारों की बेरुखी ने इस सड़क को अव्यवस्था का अड्डा बना दिया। रोजाना मरीज और उनके तीमारदारों को धीमे और बेतरतीब निर्माण कार्य से परेशानी उठानी पड़ती है। धूल, गड्ढे और मलबे के कारण एंबुलेंस और निजी वाहन रेंगते नजर आते हैं। सड़क किनारे स्थित प्रतिष्ठानों के संचालक भी उड़ती धूल से त्रस्त हैं।



सीएम ग्रिड योजना का नाम लेकर सड़क महीनों से खोद रखी है। न काम की रफ्तार है, न कोई जवाबदेही। अगर यही स्मार्ट सिटी है, तो आम आदमी की मुश्किलें कौन देखेगा।
**-सुमन वर्मा**, कोहाड़ापीर



स्टेडियम रोड और एमबी इंटर कालेज रोड का हाल बेहाल है। अक्सर यहां से निकलना होता है। स्मार्ट सिटी के नाम करोड़ों रुपये खर्च हो रहे हैं, लेकिन हालात बदतर होते जा रहे हैं।
**-गोपाल**, राहगीर



विकास के नाम पर शहर में कई जगह सड़कें खोदकर छोड़ दी गई हैं। कई प्रमुख मार्गों का बुरा हाल है। काम की धीमी रफ्तार हर किसी के लिए मुसीबत बनी हुई है।
**- अनिमेश**, दुकानदार



रोज गड्ढों और मिट्टी से भरी सड़क पर जान जोखिम में डालकर निकलना पड़ता है। रात में हालात और खतरनाक हो जाते हैं, इसके बाद भी इस ओर ध्यान नहीं दिया जा रहा है।
**-राधिका**, राजेंद्र नगर

# बकाया टैक्स नहीं चुकाने पर आठ संपत्तियां सील




आलमगिरीगंज में दुकान सील करती नगर निगम की टीम। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- नगर निगम का बकाया कर वसूली को लेकर अभियान जारी
- जोन-1 व 2 में कार्रवाई के दौरान 5.52 लाख मौके पर जमा कराए

**अमृत विचार :** बकाया टैक्स वसूली को लेकर नगर निगम ने सख्त रुख अपना रखा है। इस क्रम में शुक्रवार को नगर निगम के कर विभाग ने शहर में अभियान चलाकर जोन-1 और जोन-2 में आठ संपत्तियों को सील किया। सीलिंग कार्रवाई के दौरान 5.52 लाख की वसूली भी मौके पर हुई।

जोन-1 में महेशपुर अटरिया के तोता राम, सैदपुर हाकिंस के जयपाल सिंह के खिलाफ कार्रवाई हुई। वहीं जोन-2 के फालतूनगंज में रामेश्वर, चुनिया, आलगिरीगंज के सिराज अहमद, मुख्तार अहमद, अकब,सुनीता गुप्ता, मुमताज अहमद की व्यावसायिक सम्पत्तियों को सील किया गया। मुख्य कर निर्धारण अधिकारी पीके द्विवेदी ने बताया कि कार्रवाई का उद्देश्य नगर निगम के बकाया संपत्ति कर की वसूली करना और नगर की वित्तीय स्थिति को मजबूत करना है, ताकि नगर विकास एवं सेवाओं में सुधार हो सके। साफ कहा कि बकाया संपत्ति कर की वसूली के लिए अभियान अब रुकने वाला नहीं है। उन्होंने कहा नोटिस के बाद भी भुगतान न करने वालों पर नियमानुसार सीलिंग की कार्रवाई जारी रहेगी। निगम ने सभी भवन और संपत्ति स्वामियों को स्पष्ट संदेश दिया है, या तो बकाया जमा करें, या फिर कार्रवाई के लिए तैयार रहें। सभी भवन और संपत्ति स्वामियों से अपील है कि वे अपने बकाया करों का शीघ्र भुगतान करें और किसी भी कानूनी कार्रवाई से बचें।

## चार अल्ट्रासाउंड सेंटर का किया निरीक्षण मिलीं खामियां

**बरेली, अमृत विचार :** स्वास्थ्य विभाग की टीम ने शुक्रवार को चार अल्ट्रासाउंड सेंटरों का निरीक्षण किया। इस दौरान कई अनियमितताएं पाई गईं, जिसमें आवश्यक अभिलेखों का अधूरा रख-रखाव, मशीनों से संबंधित दस्तावेजों की कमी पाई गई। निरीक्षण टीम ने संबंधित संचालकों को कारण बताओ नोटिस जारी करते हुए निर्धारित समय सीमा के भीतर स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं। अधिकारियों ने बताया कि सभी डायग्नोस्टिक सेंटरों को निर्धारित मानकों का पालन करना अनिवार्य है। किसी भी प्रकार की लापरवाही या नियमों के उल्लंघन को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

## 6 एमएलडी एसटीपी समेत कई महत्वपूर्ण प्रस्ताव पास

**बरेली, अमृत विचार :** छावनी परिषद की शुक्रवार को हुई सामान्य बैठक में जनहित एवं विकास से जुड़े महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। सिविल क्षेत्र के लिए 6 एमएलडी क्षमता के भूमिगत सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट परियोजना को आगे बढ़ाने, भूमि के पुनर्वर्गीकरण एवं प्रयोजन परिवर्तन की कार्यवाही प्रारंभ करने का निर्णय लिया।

बैठक अध्यक्ष ब्रिगेडियर गगनदीप सिंह, वाईएसएम की अध्यक्षता में छावनी परिषद कार्यालय में आयोजित हुई। मुख्य कार्यकारी अधिकारी डॉ. तनु जैन (सदस्य सचिव) व नामित सदस्य डॉ. वैभव जायसवाल उपस्थित रहे। बैठक में श्मशान भूमि में आधुनिक एवं पर्यावरण अनुकूल दाह संस्कार प्रणाली (इंसीनेरेटर) स्थापित करने के प्रस्ताव को स्वीकृति दी गई। शिक्षा एवं अधोसंरचना विकास के अंतर्गत आरएन टैगोर इंटर कॉलेज में बहुउद्देशीय सभागार निर्माण के प्रस्ताव को स्वीकृति दी गई।

छावनी परिषद कार्यालय एवं धोपेश्वर नाथ मंदिर के समक्ष एलईडी स्क्रीन स्थापना होगी। स्वच्छ सर्वेक्षण के अंतर्गत ब्रांड एंबेसडर एवं स्वच्छता दूतों का नामांकन भी किया। सार्वजनिक शौचालय, विद्यालय के लिए बस, विभिन्न विभागों के लिए सीएनजी बाइक एवं ईवी स्कूटी, अतिथि गृह उन्नयन सहित अन्य आवश्यक प्रशासनिक प्रस्तावों को भी स्वीकृति दी गई।

# शराब फैक्ट्री में आयकर टीम की जांच जारी, मालिक व मैनेजर से पूछताछ

संवाददाता, सीबीगंज

- एचआर मैनेजर फैक्ट्री नहीं आए तो थाना पुलिस से नोटिस भिजवाकर बुलवाया

**अमृत विचार :** सुपीरियर शराब फैक्ट्री में आयकर विभाग की चल रही जांच शुक्रवार को चौथे दिन भी जारी रही। आयकर टीम के बुलाने पर जब एचआर मैनेजर दिनेश मिश्रा फैक्ट्री नहीं आए तब थाना पुलिस के जरिए नोटिस भिजवाकर उन्हें फैक्ट्री बुलवाया गया। आयकर विभाग की टीम डायरेक्टर अमित महर्षि से भी लगातार पूछताछ कर रही है। वहीं एक और गाड़ी पीएसी को बुलाकर फैक्ट्री गेट पर तैनात कर दी गयी है।

चर्चा है कि फैक्ट्री मालिक के दिल्ली सहित अन्य ठिकानों पर भी आयकर जांच चल रही है। आयकर टीम के मांगने पर फैक्ट्री प्रबंधन वर्ष 2003 तक के पूरे दस्तावेज पेश नहीं कर रहा है। जिससे दस्तावेजों में करोड़ों रुपये की हेराफेरी करने की आशंका को बल मिल रहा है। फैक्ट्री के एचआर मैनेजर दिनेश मिश्रा जब टीम के सामने हाजिर नहीं हुए, इसके बाद टीम ने उन्हें फैक्ट्री में बुलाने के लिए सीबीगंज पुलिस के माध्यम नोटिस भेजकर तलब कराया, जिसके बाद वह देर रात्रि में फैक्ट्री में टीम के समक्ष हाजिर हुए। अब उनसे टीम पूछताछ कर अन्य रिकॉर्ड खंगाल रही है। हालांकि टीम ने लिखित दस्तावेज, कंप्यूटर, लैपटॉप समेत अधिकारियों के मोबाइल पहले से ही जब्त कर लिए हैं। मंगलवार देर शाम करीब 7 बले से दिल्ली से आई आयकर विभाग की टीम ने सुपीरियर फैक्ट्री में छापा मारा, तब से फैक्ट्री के अंदर जांच जारी है।

### फैक्ट्री में देर रात पूर्णता उत्पादन बंद

शुक्रवार को फैक्ट्री में अंग्रेजी शराब दो लाइन में सिर्फ एक ही लाइन चली, जबकि देशी शराब की सभी नौ लाइनें बंद रहीं, जबकि रात्रि के लिए फैक्ट्री में पूर्ण रूप से उत्पादन बंद कर दिया गया।

कोर्ट सख्त

जांच में नमूने अधोमानक, असुरक्षित मिलने पर खाद्य सुरक्षा विभाग ने दस महीने में 738 वाद दर्ज कराए

# मिलावट पर शिकंजा, 404 कारोबारियों पर 1 .43 करोड़ जुर्माना

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- 673 प्रतिष्ठानों पर खाद्य सुरक्षा अधिकारियों ने छापेमारी कर भरे थे खाद्य पदार्थों के 1050 नमूने

**अमृत विचार :** जिले में बड़े स्तर पर खाद्य पदार्थों में मिलावट हो रही है। दैनिक रोजमर्रा की ऐसा कोई खाद्य पदार्थ है नहीं, जिसमें मिलावट न हो रही है। खतरनाक केमिकल, रंगों सहित अन्य चीजों की मिलावट कर खाद्य पदार्थ बाजार में बेचे जा रहे हैं। सरसों के तेल, रिफाइंड सोयाबीन ऑयल, देसी घी, हल्दी-धनिया-मिर्च पाउडर, पनीर, दूध, बर्फी, रसगुल्ला, चायपत्ती, सोनपापड़ी सहित अनेक ऐसे खाद्य पदार्थ हैं, जिनके नमूनों की जांचें झांसी और लखनऊ की राजकीय प्रयोगशालाओं में करायी गयी हैं तो ज्यादातर खाद्य पदार्थ असुरक्षित व अधोमानक पाए जा चुके हैं। पिछले साल अप्रैल से लेकर जनवरी तक असुरक्षित खाद्य पदार्थों को बेचने पर कोर्ट ने सख्ती दिखाई और 404 कारोबारियों पर 1.43 करोड़ का जुर्माना लगाया है।

जिलाधिकारी अविनाश सिंह की अध्यक्षता में गुरुवार को हुई स्टाफ मीटिंग में एफएसडीए कार्यालय के आंकड़े भी प्रस्तुत किए गए थे। आंकड़ों में बताया गया कि खाद्य सुरक्षा अफसरों ने 1 अप्रैल 2025 से 31 जनवरी 2026 तक बरेली शहर, फरीदपुर, नवाबगंज, बहेड़ी, मीरगंज व आंवला क्षेत्रों के 673 प्रतिष्ठानों पर छापेमारी की गयी। अफसरों ने ज्यादातर रोजमर्रा के खाद्य पदार्थों के 1050 नमूने भरे और झांसी व लखनऊ की राजकीय प्रयोगशालाओं में भेजे थे। जिनकी समय-समय पर आई जांच रिपोर्ट के आधार पर अधोमानक और असुरक्षित खाद्य पदार्थ की रिपोर्ट आने पर अपर जिलाधिकारी नगर की कोर्ट और सिविल कोर्ट में मिलावटी सामग्री बेचने वाले कारोबारियों के विरुद्ध वाद दर्ज कराए गए। इस अवधि में 738 वाद दर्ज कराए थे। न्यायालयों ने मिलावटी खाद्य पदार्थ बेचने वाले कारोबारियों पर सख्ती दिखाई और जनपद के 404 खाद्य कारोबारियों के विरुद्ध 1 करोड़ 43 लाख 44 हजार 500 रुपये का जुर्माना लगाया।

10 माह में जनपद भर की 3114 प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया गया। मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी अक्षत गोयल की ओर से जारी आंकड़ों में यह भी बताया गया कि न्यायालयों ने जनवरी माह में 61 कारोबारियों के विरुद्ध 3075500 रुपये का जुर्माना लगाया। इन आंकड़ों से यह साफ हो गया कि बरेली में बड़े स्तर पर खाद्य पदार्थों में मिलावट की जा रही है।

### डोमिनोज पिज्जा, राज स्वीट्स में मिलावट का शक, छापा मारकर भरे नमूने

**बरेली, अमृत विचार :** होली के मद्देनजर खाद्य सुरक्षा विभाग ने शहर में मिलावट के शक में प्रतिष्ठानों पर छापामारी अभियान तेज कर दिया है। शुक्रवार को टीमों ने डीडीपुरम स्थित डोमिनोज पिज्जा, राज स्वीट्स सहित कई प्रतिष्ठानों पर छापेमारी की। इस दौरान पनीर, पिज्जा, कचौड़ी, नमकीन मठरी समेत सात खाद्य पदार्थों के नमूने भरे। इन नमूनों को जांच के लिए प्रयोगशाला भेज दिया है। खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन आयुक्त और डीएम के आदेश पर मिलावटी खाद्य एवं पेय पदार्थों के विक्रय पर रोकथाम लगाने के उद्देश्य से मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी अक्षय गोयल के नेतृत्व में खाद्य सुरक्षा अधिकारियों ने सुभाषनगर में राज स्वीट्स से कचौड़ी, इन्द्रानगर की पाल आटा चक्की से सरसों तेल, साहूकारा स्थित सत्य सॉई मिल्क बार से खोया , तुलाशेरपुर स्थित नरेश किराना स्टोर से नमकीन मठरी, लिंकर रोड रहपुरा चौधरी स्थित वीरेश कुमार गुप्ता के प्रतिष्ठान से पनीर का नमूना भरा। डीडीपुरम स्थित डोमिनोज पिज्जा से पनीर और पिज्जा का नमूना लिया गया। मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी ने बताया कि नमूनों की जांच रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। मिलावटी खाद्य पदार्थों की बिक्री पर रोक लगाने के लिए अभियान जारी रहेगा।



## सिटी ब्रीफ

### रिश्वत लेने के आरोपी लेखपाल की जमानत अर्जी खारिज

**विधि संवाददाता, बरेली, अमृत विचार :** आवंटित प्लाट पर कब्जा दिलाने के एवज में 5 हजार रुपये रिश्वत की मांग करने के आरोपी बिसौली के लेखपाल बदायूं इस्लामनगर निवासी सतीश शर्मा की जमानत अर्जी स्पेशल जज एंटी करप्शन कोर्ट कमलेश्वर पाण्डेय ने खारिज कर दी। सरकारी वकील सौरभ तिवारी ने बताया कि वादी ने एंटी करप्शन थाना बरेली में तहरीर देकर बताया था कि 14 सितंबर 2015 को उपजिलाधिकारी बिसौली के आदेश पर जखौरा जौहरपुर में आवंटित प्लाट पर कब्जा दिलाने के लिए लेखपाल से सम्पर्क किया था। लेखपाल ने 5 हजार रुपये की मांग की थी। 20 जनवरी को ट्रैप टीम ने लेखपाल को रिश्वत लेते दबोच लिया।

### महिला के फोटो एडिट कर वायरल किए

**बरेली, अमृत विचार :** फेसबुक पर दोस्ती करने के बाद युवक ने महिला के फोटो एडिट कर अश्लील बनाकर वायरल कर दिए। महिला ने बताया कि युवक लगातार उसके फोटो के साथ छेड़छाड़ कर रहा है। इज्जतनगर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। इज्जतनगर थाना क्षेत्र की एक महिला ने बताया कि उसके फेसबुक अकाउंट पर अर्पित गुप्ता नाम की आईडी से फ्रेंड रिक्वेस्ट आई। जिसे उसने स्वीकार कर लिया। महिला का आरोप है कि कुछ दिन बाद उस युवक ने फेसबुक से उसकी फोटो निकालकर उसे एडिट करके अश्लील और आपत्तिजनक फोटो बनाकर फेसबुक और इंस्टाग्राम पर अपलोड करने शुरू कर दिए।

### तलाक के बाद भी पति कर रहा परेशान

**बरेली, अमृत विचार :** तलाक के बाद भी पति महिला को परेशान कर रहा है। आरोप है कि पति और उसका बहनोई फोन कर गालियां देकर जान से मारने की धमकी देते हैं। शिकायत पर बारादरी पुलिस ने पति और उसके बहनोई पर रिपोर्ट दर्ज की है। डोहरा गौटिया निवासी पूजा ने बताया कि पति वेदपाल गंगवार से 2020 में उसका तलाक हो चुका है। आरोप है कि तलाक के बाद भी पति आए दिन परेशान करता है।

# एक्सपायर दवाएं मिलीं, सामान्य मरीज का आईसीयू में किया जा रहा था इलाज

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- आयुष्मान योजना : सीएमओ की अगुवाई में टीम ने अनुबंधित तीन अस्पतालों का किया निरीक्षण
- नियमों की उड़ती मिलीं धज्जियां सीएमओ ने नोटिस जारी कर मांगा स्पष्टीकरण

**अमृत विचार :** सीएमओ की अगुवाई में टीम ने शुक्रवार को शहर में आयुष्मान योजना के तहत अनुबंधित तीन निजी अस्पतालों का निरीक्षण किया तो नियमों की धज्जियां उड़ती मिलीं। बिना प्रोटोकॉल को पूरा किए मरीज को दवा लगा लगाई जा रही थी तो कहीं इमरजेंसी ड्रग्स ट्राली में एक्सपायर दवाएं रखी थीं। आयुष्मान कार्ड का लाभ लेने के लिए सामान्य मरीज को आईसीयू में भर्ती कर इलाज कर रहे थे। खामियां मिलने के बाद भी इन अस्पतालों को सीएमओ की ओर से सिर्फ चेतावनी दी गई है।



स्टेडियम रोड स्थित एक अस्पताल का निरीक्षण करने पहुंची टीम।

शासन के आदेश पर आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत गठित टीम सीएमओ डॉ. विश्राम सिंह के नेतृत्व में सबसे पहले स्टेडियम रोड स्थित एक निजी अस्पताल में पहुंची। टीम ने आईसीयू में देखा कि वहां का स्टाफ बिना प्रोटोकॉल फॉलो करते हुए मरीजों की दवाइयां लगा रहा था। इमरजेंसी ड्रग्स ट्रॉली में एक्सपायर दवाइयां थीं। अस्पताल में योजना के तहत तीन मरीज फारूक, शाहिद और जीनत इलाज कराते मिले।

अस्पताल प्रबंधन ने खून की जांच के नाम पर फारुख से 1100, शाहिद से 1200 और जीनत से 2200 रुपये लिए थे। अस्पताल का बायो मेडिकल वेस्ट मैनेजमेंट नियमानुसार नहीं मिला। इसके बाद टीम स्टेडियम रोड स्थित एक अन्य अस्पताल पर पहुंची। वहां आईसीयू चेक करने पर पाया गया कि आयुष्मान भारत योजना में वहां एक मरीज निशा सामान्य स्थिति में थी। मरीज को आईसीयू की आवश्यकता नहीं थी, उसके बावजूद मरीज को आईसीयू में भर्ती कर उसका इलाज किया जा रहा था। जनरल वार्ड की मरीज प्रेमवती ने टीम को बताया कि खून की जांच के नाम पर उनसे 3800 रुपये लिए गए थे। उसके बाद टीम माधोबाड़ी स्थित एक में पहुंची तो वहां आईसीयू में कोई मरीज भर्ती नहीं मिला।

इमरजेंसी वार्ड में आयुष्मान भारत योजना के चार लाभार्थी मिले। जिसमें मरीज सुषमा पाल, इरशाद, आबिद एवं मनोरम से जांचों के नाम पर नकद रुपये लिए गए थे। साथ ही अस्पताल का बायो मेडिकल वेस्ट मैनेजमेंट नियमानुसार नहीं था। टीम को तीनों अस्पतालों में खामियां और नियमों की अनदेखी मिली। मामले में कार्रवाई के नाम पर तीनों अस्पतालों के प्रबंधनों से स्पष्टीकरण मांगा गया है। आगे इस तरह की कमी पाए जाने पर कठोर कार्रवाई कर आयुष्मान योजना से पंजीकरण को निरस्त करने की चेतावनी दी गई है।

> शासन के निर्देश पर अस्पतालों में चेकिंग की गई थी। वहां कमियां पाई गईं। सभी अस्पतालों से स्पष्टीकरण मांगा गया है। साथ ही चेतावनी दी गई है कि यदि दोबारा ऐसा पाया जाता है तो उनके खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी।
> –डॉ. विश्राम सिंह, सीएमओ

# पेशकार से मारपीट, तहसील में वकीलों का धरना

## अधिवक्ताओं ने लगाए गंभीर आरोप, देर शाम तहसील परिसर में एसडीएम के खिलाफ पोस्टर छपवा दिए, विवाद गरमाया

संवाददाता, बरेली/फरीदपुर

**अमृत विचार:** तहसील परिसर स्थित एसडीएम कोर्ट में शुक्रवार को फाइलों को लटकाने के आरोपों पर शुरू हुई कहासुनी हंगामे के बाद मारपीट तक पहुंच गयी। आरोप है कि एसडीएम के सामने उनके पेशकार के साथ अधिवक्ता ने मारपीट कर दी। वहीं, फाइलों को रोककर भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हुए अधिवक्ताओं ने एसडीएम कक्ष के सामने धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया। इससे विवाद और बढ़ गया। देर शाम अधिवक्ताओं ने तहसील परिसर में उपजिलाधिकारी के खिलाफ पोस्टर छपवा दिए। एसडीएम हटाओ, तहसील बचाओ जैसे कई स्लोगन लिखे पोस्टर तहसील परिसर में लगा दिए।

वहीं, पेशकार कमलेश शर्मा ने किसी तरह वहां से जान बचाई और बरेली कलेक्ट्रेट पहुंचकर कर्मचारी संघ के पदाधिकारियों को घटना की जानकारी बताते हुए सहयोग मांगा। एसडीएम कोर्ट में हुए विवाद ने इतना तूल पकड़ लिया कि दिनभर वकील नारेबाजी करते रहे। कर्मचारी भी इधर-उधर रहे।



एसडीएम कार्यालय के सामने धरने पर बैठे अधिवक्ता। • अमृत विचार

तहसील में एक तरह से अस्थाई तौर पर कामकाज बंद हो गया। दरअसल, लगातार तीन महीने से कोर्ट कार्य न होने से कुछ सीनियर अधिवक्ता परेशान हैं। शुक्रवार को कुछ सीनियर वकील उपजिलाधिकारी फरीदपुर मल्लिका नैन से बातकर कोर्ट लगाने के संबंध में बातचीत कर रहे थे। कुछ अधिवक्ताओं और एसडीएम के बातचीत में तय हुआ कि कोर्ट लगाया जाए। उपजिलाधिकारी मल्लिका नैन कोर्ट में पहुंच गई।

बताते हैं कि इसी बीच अधिवक्ताओं का एक अन्य दल अपना एजेंडा लेकर वहां पहुंच गया, जिसको लेकर पहले अधिवक्ताओं में आपस में कहासुनी हुई। इसी बीच एक वकील और पेशकार के बीच कहासुनी शुरू हो गयी। आरोप है कि एक अधिवक्ता ने पेशकार कमलेश के साथ मारपीट की। इससे वहां हल्ला मच गया। पेशकार कमलेश का आरोप है कि उसके साथ मारपीट करने के बाद उसे धक्के मारकर तहसील से बाहर निकाल दिया, जिसकी शिकायत उसने जिलाधिकारी से भी की है।

> अधिवक्ताओं द्वारा धरना प्रदर्शन जो भी किया गया है, पूरे घटनाक्रम की जानकारी उच्च अधिकारियों को है। अधिकारियों द्वारा जो भी निर्देशित किया जाएगा उचित कार्यवाही की जाएगी।
> **मल्लिका नैन,** उपजिलाधिकारी फरीदपुर

**अधिवक्ताओं ने अफसरों पर लगाए संगीन आरोप:** अधिवक्ता एसडीएम कक्ष के सामने ही धरने पर बैठे। भ्रष्टाचार के आरोप लगाते नारेबाजी करते रहे। उनका आरोप है कि तहसील में प्राइवेट कर्मचारी भ्रष्टाचार को बढ़ावा दे रहे हैं, कुछ अधिकारी भी संलिप्त हैं। गांव देहात के आने वाले किसानों के अलावा अधिवक्ताओं से भी रुपये वसूले जा रहे हैं। जिन किसानों से या अधिवक्ताओं से वसूली नहीं होती, उनके काम महीनों लटकाए जाते है। अधिवक्ताओं ने यह भी आरोप लगाया कि जब वह एसडीएम के कार्यालय के सामने धरने पर बैठे थे, तब उप जिलाधिकारी ने जिलाधिकारी के यहां मीटिंग होने का बहाना करके वहां से निकल गईं। इसके बाद तहसील परिसर में अधिकारियों के ऑफिस में ताले लटके रहे।

### डीएम से मिले पेशकार और कर्मचारी, कार्रवाई का आश्वासन

**बरेली, अमृत विचार :** उत्तर प्रदेशीय मिनिस्ट्रीयल कलेक्ट्रेट कर्मचारी संघ की जनपद शाखा के पदाधिकारियों ने फरीदपुर तहसील में एसडीएम के पेशकार के साथ कोर्ट में हुई मारपीट की कड़ी निंदा करते हुए रोष जताया है। शाम को पदाधिकारी कलेक्ट्रेट सभागार में डीएम से मिले और घटनाक्रम की जानकारी देते हुए विधिक कार्रवाई की मांग की। पीड़ित पेशकार ने भी पूरी घटना बतायी। डीएम ने पेशकार को सुरक्षा का भरोसा दिलाते हुए कप्तान से बातकर कार्रवाई कराने का आश्वासन दिया। संघ के बरेली अध्यक्ष सुनील कुमार, सचिव अंकित पटेल, वरिष्ठ उपाध्यक्ष नरेंद्र पाल सिंह लोधी, प्रशासनिक अधिकारी राकेश, राजस्व अभिलेखागार के प्रभारी महेंद्र बिष्ट आदि की ओर से जिलाधिकारी को पत्र सौंपकर शिकायत की गयी है। डीएम को बताया कि तहसील फरीदपुर की उप जिलाधिकारी के रीडर पद पर संबद्ध राजस्व लिपिक कमलेश शर्मा तैनात हैं। आरोप है कि शुक्रवार को तहसील में एसडीएम फरीदपुर की मौजूदगी में कमलेश शर्मा के साथ कुछ अधिवक्ताओं ने मारपीट की और दिख मत जाने की बात कहते हुए धक्का देकर तहसील से बाहर कर दिया। बताया कि झगड़े का मुख्य कारण धारा-38 की पत्रावली को लेकर है। साक्ष्य पूरे नहीं होने के बावजूद कमलेश पर दबाव बनाकर कार्य कराने का प्रयास किया। पदाधिकारियों ने कहा कि कमलेश फरीदपुर से जान बचाकर यहां आये और घटना की जानकारी दी। कहा कि तहसील फरीदपुर में कार्य करने की स्थिति नहीं है। यदि कमलेश फरीदपुर कार्य करने गया तो अनहोनी होने की आशंका है। पूर्व में भी उसके साथ अभद्रता हो चुकी है। वहां कोई भी कर्मचारी सुरक्षित नहीं है। साथ ही डीएम को यह भी बताया कि कुछ दिन पूर्व कलेक्ट्रेट के राजस्व अभिलेखागार के मुख्य प्रतिलिपिक सुमित सिंह मेहरा के साथ भी घटना हुई। 13 फरवरी की शाम 4 बजे के समय फरीदपुर के अधिवक्ता ने मुआयना कराने के लिए अनुचित दबाव बनाया। मुआयना न कराने पर गाली-गलौज की। घटनाओं को लेकर कलेक्ट्रेट के समस्त कर्मचारियों में रोष व्याप्त है। घटना का संज्ञान लेते हुए कमलेश शर्मा एवं सुमित मेहरा के साथ हुई घटना के संबंध में नियमानुसार विधिक कार्यवाही कराने की मांग की है।



मिनिस्ट्रीयल कलेक्ट्रेट कर्मचारी संघ ने डीएम को पत्र दिया।

### टेंपो चालक पर महिला का पर्स छीनने का आरोप

**बरेली, अमृत विचार:** कचहरी चौराहे पर शुक्रवार दोपहर महिला ने टेंपो चालक पर चोरी और बैग छीनने का आरोप लगाते हुए हंगामा किया। इस हंगामे पर वहां भीड़ जमा हो गई। सूचना पर कोतवाली पुलिस भी मौके पर पहुंची, लेकिन मौका पाकर टेंपो चालक फरार हो गया। महिला की तहरीर के आधार पर कोतवाली पुलिस ने मामले की रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

कैंट थाना क्षेत्र के ग्राम दुबरा निवासी नीरज ने बताया कि शुक्रवार को करीब 12 बजे खरसेनी कन्नौजिया इंटर कॉलेज से अपने गांव जाने के लिए टेंपो में बैठी थी। महिला के अनुसार उनके पर्स में आधा तोला सोने की नथनी, सोने की बेसर और करीब 250 रुपये कीमत का चांदी का गुच्छा रखा था। पीड़िता का आरोप है कि रास्ते में फतेहगंज से कुछ अन्य सवारियां टेंपो में बैठी, जो कचहरी पर उतर गईं और उनसे कोई किराया नहीं लिया गया। जब महिला कचहरी पर उतरी और किराया देने के लिए पर्स खोला तो उसमें रखे जेवरात गायब थे। महिला का कहना है कि जब उन्होंने टेंपो चालक से शिकायत की तो चालक ने उनका पर्स भी झटक लिया, जिसमें करीब 500-600 रुपये रखे थे और मौके से फरार हो गया।

# बैंक मैनेजर बताकर युवक से 11.41 लाख ठगे

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- लिंक से एप डाउनलोड करने के बाद मांगी डिटेल
- पीड़ित की तहरीर पर साइबर क्राइम थाने में रिपोर्ट दर्ज

**अमृत विचार :** साइबर ठगों ने बैंक मैनेजर बनकर एक व्यक्ति से 11 लाख 41 हजार रुपये ठग लिए। पीड़ित नेसाइबर क्राइम थाने में शिकायत दर्ज कराई है।

सुभाषनगर थाना क्षेत्र के मढ़ीनाथ रोड निवासी मधुतोष शर्मा ने बताया कि 13 फरवरी की शाम वह 5 बजे स्टेट बैंक शाखा फरीदपुर से संपर्क करना चाह रहे थे।

जस्ट डायल पर सर्च करने पर एक नंबर निकाला। उस नंबर पर कॉल करने बाद वाट्सएप कॉल आई। फोन करने वाले ने खुद को बैंक मैनेजर अमित कुमार बताया और खाते में भुगतान संबंधी समस्या बताई। उसने एक लिंक भेजा। लिंक खोलने के बाद उसके मोबाइल में एक एप डाउनलोड हो गया। एप ने बैंक खाते की डिटेल और मोबाइल नंबर पूछा। बैंक की डिटेल और मोबाइल नंबर बताते ही उसके एसबीआई के खाते से 7 लाख 41 हजार और दूसरे खाते से 4 लाख रुपये कट गए। दो खातों से कुल 11 लाख 41 हजार रुपये कट गए।

### पेपर कारोबारी को लगाई 50 लाख की चपत, तीन लोगों पर रिपोर्ट

**बरेली, अमृत विचार :** शहर के एक पेपर कारोबारी को हरियाणा की एक फर्म ने 50 लाख रुपये की चपत लगा दी। व्यापारी का आरोप है कि पेपर मंगाने के बाद भुगतान नहीं किया। जब वह पैसे लेने हरियाणा गए तो गाली गलौज कर उन्हें भगा दिया गया। कोतवाली पुलिस ने मामले में तीन लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। सर्किट हाउस चौराहा सिविल लाइंस निवासी सुनील कुमार गोयल ने बताया कि वह फर्म रामा श्यामा पेपर्स प्रालि. के प्रतिनिधि हैं। उन्होंने बताया कि उनकी फर्म से मैसर्स पैक एन पैक प्रालि. ग्राम दीघोट हसनपुर रोड हरियाणा के डायरेक्टर संदीप गर्ग और वंश गर्ग, ध्रुव कुमार गर्ग ने संपर्क किया और क्राफ्ट पेपर खरीदने की बात कही। 25 अप्रैल 2021 से उसकी फर्म से क्राफ्ट पेपर की सप्लाई शुरू हुई। जो सप्लाई हुई उसकी वह लोग लगातार एलसी प्राप्त कराते रहे। जिससे उसका विश्वास बन गया। तब इन लोगों ने उसकी फर्म से 50 लाख 89 हजार 900 रुपये का क्राफ्ट पेपर यह कहकर सप्लाई कराया कि दो चार दिन में एलसी दे देंगे। क्राफ्ट पेपर की सप्लाई के बाद एलसी मांगने पर आरोपी टाल मटोल करने लगे। जब उसने खोजबीन की तो पता लगा कि इनका एलसी खाता सीज हो चुका है। जब वह हरियाणा में उनकी फर्म पर पैसे लेने गए तो उनके साथ गाली गलौज की गई। शिकायत पर कोतवाली पुलिस ने संदीप गर्ग, वंश गर्ग व ध्रुव कुमार गर्ग के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।







### मंत्री ने पत्र लिखकर एसएसपी से कहा-खत्म करें फर्जी मुकदमा

**बरेली, अमृत विचार:** पिछले साल फतेहगंज पश्चिमी में अतिक्रमण हटाने के दौरान हुए विवाद में ईओ की ओर से व्यापारी नेता आशीष अग्रवाल के विरुद्ध सरकारी कागजात फाड़ने, धमकी देने सहित कई आरोप लगाते हुए दर्ज कराये केस की जांच में पुष्टि नहीं हुई। तीन अफसरों की जांच में कोई साक्ष्य नहीं मिलने और झूठा केस दर्ज कराने के मामले में आशीष अग्रवाल ने कई मंत्रियों से शिकायत की है।

जांच रिपोर्ट देखने के बाद कैबिनेट मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को पत्र लिखते हुए कहा है कि आशीष अग्रवाल की शिकायती पत्र का अवलोकन करें। उसमें तीन अधिकारियों की रिपोर्ट संलग्न है, उसमें आरोपों की पुष्टि नहीं हुई। त्रिस्तरीय जांच समिति की रिपोर्ट के आधार पर आशीष अग्रवाल के विरुद्ध दर्ज फर्जी मुकदमे को समाप्त करें। उन्होंने दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई करने के भी निर्देश दिए हैं।

# स्पा सेंटर की रिसेप्शनिस्ट से रंगदारी मांगने वालों पर केस

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- फोन कर खुद को बताया था हिंदू संगठन का नेता, मांगे थे 40 हजार
- बारादरी पुलिस ने आशु, ऋषभ समेत तीन अज्ञात पर की कार्रवाई

**अमृत विचार :** स्पा सेंटर की रिसेप्शनिस्ट से रंगदारी मांगने के आरोप में बारादरी पुलिस ने आशु यादव, ऋषभ ठाकुर समेत तीन अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।
जिला रायबरेली के थाना बछरावा के गांव रामपुर सिदोली निवासी मुस्कान ने बताया कि वह मेडिसिटी अस्पताल के पास काशा गोल्डन स्पा सेंटर में रिसेप्शनिस्ट है। 17 फरवरी को दो-तीन लड़के स्पा सेंटर पर आए। वे स्पा सेंटर की सुविधाओं के बारे में जानकारी मांगने लगे। उसके बाद 18 फरवरी को उसके स्पा सेंटर पर पुलिस भी चेकिंग के लिए आई थी। चेकिंग करने पर उन्हें कुछ नहीं मिला। आरोप है कि उनके फोन पर खुद को हिंदू संगठन का नेता बताने वाले आशु यादव की कॉल आई। उसने अपने नेता का नाम ऋषभ ठाकुर बताया। आरोप है कि कॉल करने वाले आशु यादव ने कहा कि स्पा सेंटर में गलत काम होता है, जिसका वीडियो बना लिया गया है। उसने कहा कि वह वीडियो फेसबुक पर डालेगा, अगर 40 हजार रुपये दे दिए तो वीडियो को डिलीट कर देगा। आरोपियों ने कहा कि पैसे नहीं दिए तो स्पा सेंटर को भी बंद करा देंगे।

### जिलाबदर की कार्रवाई के बाद दबंगई जारी

ऋषभ ठाकुर पर 28 दिसंबर को प्रेमनगर थाना क्षेत्र के राजेंद्रनगर में स्थित एक कैफे में जन्मदिन मना रही छात्रा के साथियों को पीटने का आरोप है। तब उसने खुद को बजरंग दल का पदाधिकारी बताते हुए कैफे में तोड़फोड़ भी की थी। कैफे संचालक शैलेंद्र गंगवार ने ऋषभ ठाकुर, दीपक पाठक समेत 20-25 अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई थी। ऋषभ ने 17 जनवरी को न्यायिक मजिस्ट्रेट के समक्ष सरेंडर कर दिया था। उसे जेल भेज दिया गया था। जमानत पर बाहर आने के बाद सुभाषनगर इंस्पेक्टर जितेंद्र कुमार ने आरोपी को बरेली जिले की सीमा से बाहर बदायूं में छोड़ दिया। इस दौरान मुनादी भी कराई गई थी। जिला बदर होने के बाद भी ऋषभ लगातार वीडियो के माध्यम से लोगों को डरा धमका रहा है।

### सड़क हादसे में दवा कंपनी के एरिया मैनेजर की मौत

- मिनी बाईपास पर गुरुवार रात अज्ञात वाहन ने मारी टक्कर

**बरेली, अमृत विचार:** सड़क हादसे में दवा कंपनी के एरिया मैनेजर की मौत हो गई। उनकी बाइक में गुरुवार रात मिनी बाईपास पर अज्ञात वाहन ने टक्कर मारी थी। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

इज्जतनगर थाना क्षेत्र के वसंत विहार कॉलोनी निवासी नरेश यादव (37) एक दवा कंपनी में एरिया मैनेजर थे। भाई कुलवंश ने बताया कि नरेश गुरुवार शाम घर आ रहे थे। तभी मिनी बाईपास स्थित विपिन अस्पताल के पास अज्ञात वाहन ने उन्हें टक्कर मार दी। हादसे में उनकी मौके पर ही मौत हो गई। सूचना मिलने पर पहुंची थाना पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा। उधर, पति की मौत की खबर सुनकर चंदा बेसुध हो गईं।

नरेश के दो बच्चे हैं। इस घटना से नरेश के परिजन सदमे में हैं। फिलहाल, इज्जतनगर पुलिस टक्कर मारने वाले वाहन की तलाश में जुटी है।

## सिटी ब्रीफ

### अखिल भारतवर्षीय जैसवाल जैन महासभा में राष्ट्रीय संगठन मंत्री बने सौरभ जैन

**बरेली, अमृत विचार :** अखिल भारतवर्षीय जैसवाल जैन महासभा ने सामाजिक, धार्मिक संगठनों से जुड़े सौरभ जैन को संगठन में राष्ट्रीय संगठन मंत्री मनोनीत किया है। मथुरा में हुए अधिवेशन के बाद राष्ट्रीय अध्यक्ष सुबोध कुमार जैन ने पदाधिकारियों की सूची जारी की। बरेली में पहली बार राष्ट्रीय स्तर का दायित्व समाज में आया है। सौरभ जैन ने कहा कि संगठन में नए सदस्यों को जोड़ना, महासभाओं का विस्तार कर संगठन की मजबूती पर उनका ध्यान केंद्रित रहेगा। जल्द ही चर्चित 'जैसवाल जैन पत्रिका' पुन: सभी को प्राप्त होने लगेगी। मेधावी, वंचितों के लिए रिलीफ फंड महासभा गतिमान रखेगी। उन्होंने अपने मनोनयन पर राष्ट्रीय अध्यक्ष सहित सभी शुभचिंतकों का आभार व्यक्त किया।

### ग्रामीणों ने सहोदर नगला के पंडित से रखवाई होली

**बरेली/नवाबगंज, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के खंजनपुर गांव में होली न रखने के मामले ने तूल पकड़ लिया था। पुलिस के हस्तक्षेप के बाद भी पंडित बृजेश पाण्डेय होली रखने के लिए तैयार नहीं हुए।

ग्रामीणों के अनुसार, गुलड़िया धीमर गांव निवासी ब्रजेश पाण्डेय वर्षों से खंजनपुर में होली रखने के साथ-साथ घरों में धार्मिक अनुष्ठान कराते रहे हैं। आरोप है कि इस बार उन्होंने होली रखने के लिए 11 हजार रुपये की मांग की थी। तय राशि न मिलने पर उन्होंने होली रखने से इंकार कर दिया। पूरे दिन चली पंचायत के बाद भी पंडित जी अपने शब्दों पर अड़े रहे कोई नतीजा नहीं निकला, तब ग्रामीणों ने पास के गांव सहोदर नगला के पंडित वेद प्रकाश से बात करके उन्हें बुलाया गया, होली रखने के लिए प्रधान जगदीश गंगवार ने आग्रह किया, पंडित वेद प्रकाश ने ग्रामीणों और ग्राम प्रधान के आग्रह के बाद पूजा अनुष्ठान शुरु कर दिया ,पूरी परंपरा और विधि विधान के साथ होली रखी गई ग्रामीणों ने होली रखने के बाद राहत की सांस ली।

## बच्चों की सुरक्षा पर विशेष जोर घरों में भी जागरूकता बढ़ाएं

- डीएम ने जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में दिए निर्देश

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार:** कलेक्ट्रेट सभागार में डीएम अविनाश सिंह की अध्यक्षता में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक हुई।

डीएम ने कहा कि मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार जिन जिलों में सड़क दुर्घटनाओं की संभावना अधिक है, वहां क्रेन और एंबुलेंस की संख्या बढ़ाई जाए ताकि आपात स्थितियों में त्वरित सहायता उपलब्ध हो सके। पुलिस और परिवहन विभाग अधिकारियों ने बताया कि प्रमुख पेट्रोल पंप, टोल प्लाजा और दुर्घटना संवेदनशील स्थानों पर संकेतक, होर्डिंग और बैनर लगाकर जनता को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक किया जा रहा है। भारी वाहनों जैसे ट्रैक्टर पर रिफ्लेक्टर भी लगाए गए हैं। डीएम ने बताया कि जिला सड़क सुरक्षा माह अब 28 फरवरी तक जारी रहेगा। निर्देश दिए केवल सड़कों पर ही नहीं बल्कि घरों में भी बच्चों की सुरक्षा को लेकर लोगों को जागरूक किया जाए ताकि दुर्घटनाओं को जड़ से रोका जा सके।

## कैंसर मरीजों को राहत, जिला अस्पताल में शुरू होगी कीमोथेरेपी

### पिछले दिनों लखनऊ में हुई बैठक में लिया गया निर्णय, आईएमए प्रदेशाध्यक्ष डॉ. रवीश हुए थे शामिल

- सीएचसी में कीमोथेरेपी की सुविधा देने को बन रही योजना

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** कैंसर के मरीजों के लिए राहत भरी खबर है। जल्द उन्हें जिला अस्पताल में ही कीमोथेरेपी की सुविधा मिलेगी। हाल ही में लखनऊ में हुई बैठक में जिला अस्पताल में इस सुविधा को शुरू करने के लिए उच्च स्तरीय बैठक में यह निर्णय लिया गया।

कैंसर के महंगे इलाज को सस्ता करने के लिए राज्य सरकार ने यह पहल शुरू की है। जनपद की सीएचसी में भी कीमोथेरेपी की सुविधा उपलब्ध कराने के लिए कार्ययोजना तैयार की जा रही है।

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत राज्य स्वास्थ्य समिति की बैठक में यह बात बताई गई है कि सरकार कैंसर के मरीजों को महंगे इलाज से बचाने के लिए अगले वर्ष प्रदेश के हर जिला अस्पताल और सीएचसी पर कीमोथेरेपी की सुविधा उपलब्ध कराने की योजना बना रही है। इसके लिए डॉक्टर और पैरामेडिकल स्टाफ




को प्रशिक्षित भी किया जाएगा। 17 फरवरी को राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत राज्य स्वास्थ्य समिति की गवर्निंग बॉडी की बैठक लखनऊ में हुई। इस बैठक में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन उत्तर प्रदेश की डायरेक्टर डॉक्टर पिंकी जोवल के साथ प्रदेश के कई डॉक्टर मौजूद थे।

बरेली से आईएमए के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. रवीश अग्रवाल भी इस बैठक में शामिल हुए थे। डॉ. रवीश कुमार ने डायरेक्टर पिंकी जोवल से कहा कि महिला नसबंदी के लिए लंबित पेमेंट का जल्द भुगतान कराया जाए। साथ ही आयुष्मान कार्ड से होने वाले इलाज का भुगतान अब 15-15 दिनों के अंदर कर दिया जाएगा। इसपर डायरेक्टर ने सहमति देते हुए जल्द अस्पतालों के पेंडिंग पेमेंट करने का आश्वासन दिया।



"बैठक में अगले वर्ष की योजना के बारे में बातचीत हुई। कैंसर का इलाज गरीबों को मिल सके। इसके लिए प्रदेश के हर जिले में कीमोथेरेपी की योजना बन रही है। इसके लिए स्टाफ को भी प्रशिक्षित किया जाएगा। **-डॉ. रवीश अग्रवाल**, प्रदेश अध्यक्ष, आईएमए

# डोर टू डोर जाकर अधिकाधिक फार्म-6 भरवाएं बीएलओ : डीएम

### महिला और युवाओं के वोट बनवाने की रणनीति तैयार, की एसआईआर कार्य की समीक्षा

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार:** जिला निर्वाचन अधिकारी अविनाश सिंह ने शुक्रवार को विधानसभा निर्वाचक नामावलियों को लेकर विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य की समीक्षा की। डीएम ने अधिकारियों के साथ महिला और युवा मतदाताओं को मतदाता सूची में शामिल कराने के लिए समस्त विभागों के कर्मचारियों और डिग्री कॉलेज व इंटर कॉलेज के प्रतिनिधियों को बैठक में बुलाया और सभी को फार्म-6 भरवाने के निर्देश दिये। साथ ही अधिक से अधिकारी पात्रों के फार्म-6 भराने की रणनीति तैयार की।

कलेक्ट्रेट सभागार में हुई समीक्षा बैठक में अधिकारी, कर्मचारी और कॉलेजों के प्रतिनिधियों को अवगत कराया कि 22 फरवरी को जनपद में विशेष अभियान दिवस आयोजित किया जायेगा। इस दिन दावे आपत्ति, नोटिस सुनवाई के अतिरिक्त 18



एसआईआर की समीक्षा बैठक करते जिला निर्वाचन अधिकारी अविनाश सिंह।

वर्ष की आयु पूर्ण करने वालों के अधिक से अधिक संख्या में महिला एवं युवा मतदाताओं को मतदाता सूची में शामिल कराने के लिए फार्म-6 भरवाए जाने हैं। डीएम ने ईआरओ, एईआरओ से कहा कि सभी बीएलओ व सुपरवाइजरों को यह निर्देश दें कि 22 फरवरी को अर्हता तिथि 1 जनवरी 2026 के आधार पर 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने वालों के फार्म-6 भरवाएं। जनपद की 9 विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों के 3835 बूथों पर बूथ लेवल अधिकारी सुबह 10.30 से सायं 4:30 बजे तक उपस्थित रहेंगे। इस दौरान बीएलओ के पास फार्म 6, 7 एवं फार्म-8 उपलब्ध रहेंगे। जो व्यक्ति 1 जनवरी की अर्हता तिथि के अतिरिक्त 1 अप्रैल, 1 जुलाई व 1 अक्टूबर, 2026 को अर्ह हो रहे हैं या कोई पात्र व्यक्ति 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुका है या मतदाता सूची में नाम दर्ज होने से छूट गया है तो ऐसे व्यक्ति अपना नाम मतदाता सूची में सम्मिलित कराने के लिए फार्म-6 के साथ घोषणापत्र भरकर बूथ लेवल अधिकारी के पास जमा कर सकते हैं। डीएम ने विशेष अभियान के दौरान निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों को भ्रमण कर अपने समस्त सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों एवं सुपरवाइजरों की उपस्थिति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। समस्त 1941 मतदान केंद्रों पर मतदाता हेल्प डेस्क को सक्रिय किया गया है।

मतदाता हेल्पलाइन 0581-1950 पर कॉल कर संपर्क कर सकते हैं। अपर जिलधिकारी (वित्त एवं राजस्व) संतोष कुमार सिंह, अपर जिलाधिकारी प्रशासन पूर्णमा सिंह, अपर जिलाधिकारी न्यायिक देश दीपक सिंह, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट इशिता किशोर, एसडीएम सदर प्रमोद कुमार आदि मौजूद रहे।

## मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास योजना के लाभार्थियों को चेक सौंपे

- मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान योजना में वृहद ऋण शिविर का हुआ आयोजन

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार:** जिला उद्योग कार्यालय में शुक्रवार को मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान योजना के अंतर्गत वृहद क्रेडिट कैम्प में जिलाधिकारी अविनाश सिंह ने 144 लाभार्थियों को 414 लाख रुपये ऋण के चेक सौंपे। साथ ही विभिन्न ट्रेड में प्रशिक्षण प्राप्त लाभार्थियों को टूलकिट भी वितरित की गयी।

मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान के 117 लाभार्थियों को चेक दिए। वित्तीय वर्ष में अब तक 2323 से अधिक लाभार्थियों को ऋण प्रदान कराया जा चुका है। जिलाधिकारी ने बैंकों व लाभार्थियों की ओर से लगाये स्टाल का भ्रमण किया। सभी लाभार्थियों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। किस्मत अली को 4 लाख, ओमकार को 4.37 लाख, उर्मिला देवी को 4.37 लाख, अनोज कुमार को 2.81 लाख, कमल को 2.49 लाख, अर्चना को 2.86



जिला उद्योग कार्यालय में मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास योजना के लाभार्थी को चेक सौंपते जिलाधिकारी अविनाश सिंह। ● अमृत विचार

लाख एवं अदिति मसीह को 0.92 लाख, नूर मोहम्मद को 4.45 लाख, याशमीन को 4.25 लाख, दीपांशी तोमर को 3.61 लाख, अभिषेक कुमार को 3 लाख का चेक वितरण किए। कैंप का संयोजन उपायुक्त , विकास यादव ने किया। अग्रणी जिला प्रबंधक सहित बैंकों के क्षेत्रीय प्रबंधक आदि अधिकारी कार्यक्रम में उपस्थित रहे।

### अधिशासी अभियंता से कराएं विद्यालयों में हो रहे निर्माण कार्यों का निरीक्षण

**बरेली, अमृत विचार :** जिलाधिकारी अविनाश सिंह ने शुक्रवार शाम कलेक्ट्रेट सभागार में बेसिक शिक्षा विभाग के अन्तर्गत संचालित कार्यक्रमों की समीक्षा की। निर्देश दिए कि यदि किसी मद या निर्माण के कार्य में फंड की कमी है, उसके कारण कार्यक्रम में व्यवधान उत्पन्न हो सकता है तो समय से धनराशि की डिमांड करें। खंड विकास अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि आप लोग अपने-अपने विद्यालयों व साइंस लैब का लगातार निरीक्षण करते रहें। बीएसए डॉ. विनीता को निर्देश दिए कि हमारा उद्देश्य यह रहना चाहिए कि सरकारी पैसा उचित जगह पर खर्च हो। जिन विद्यालयों में निर्माण कार्य चल रहा है, वहां पर अधिशासी अभियंता निर्माण खंड से निरीक्षण भी कराएं। बैठक में समस्त खंड शिक्षा अधिकारी उपस्थित रहे।

## किसानों ने सीखीं डेयरी उत्पादन बढ़ाने की तकनीकें



कार्यक्रम में किसान को सम्मानित करतीं डॉ. रुपसी तिवारी। ● अमृत विचार

- पांच दिवसीय कार्यक्रम में पशु स्वास्थ्य और डेयरी उद्यमिता पर दी जानकारी

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार:** भारतीय पशु चिकित्सा अनुसंधान संस्थान (आईवीआरआई) में बिहार के किसानों के लिए आयोजित 'दुधारू पशु प्रबंधन' विषय पर आयोजित पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन हो गया। इसमें 20 कृषकों ने सक्रिय भाग लिया। कार्यक्रम का उद्देश्य वैज्ञानिक तरीके से दुग्ध पशुओं का प्रबंधन करना और डेयरी उत्पादन को बढ़ावा देना था।

प्रसार शिक्षा विभाग की संयुक्त निदेशक डॉ. रूपसी तिवारी ने कहा कि इस तरह के प्रशिक्षण कृषकों को पशु स्वास्थ्य एवं उत्पादन की जानकारियां प्रदान करते हैं। प्रशिक्षण में दुग्ध पशुओं के वैज्ञानिक प्रबंधन, पोषण, प्रजनन, रोग निवारण, स्वच्छता, आवास प्रबंधन, चारा उत्पादन तथा डेयरी उद्यमिता की आर्थिक रणनीतियों पर विशेषज्ञों द्वारा मार्गदर्शन दिया गया। साथ ही, प्रतिभागियों को विभिन्न क्षेत्रीय भ्रमण कराए गए।

कार्यक्रम के अंत में प्रतिभागियों को संस्थान द्वारा विकसित शैक्षणिक वीडियो और अन्य तकनीकी सामग्री उपलब्ध कराई गई। संचालन एवं धन्यवाद ज्ञापन डॉ. श्रुति ने किया।

### गोशालाओं में चारा और सुरक्षा पर दें विशेष ध्यान

**बरेली, अमृत विचार:** पशुपालन विभाग के अपर निदेशक डा. मदनपाल सिंह ने शुक्रवार को विकास भवन सभागार में निराश्रित गोवंश संरक्षण की बैठक गो-आश्रय स्थलों के संचालन, संरक्षित गोवंश के भरण-पोषण हेतु चारा, गुणवत्ता नियंत्रण, पर्यवेक्षण और विभागीय योजनाओं की समीक्षा की। लाभार्थियों के बैंक विवरणों में त्रुटि पाए जाने पर उसे तत्काल ठीक करने तथा कार्यरत केयर टेकरों का भुगतान समय से सुनिश्चित करने पर जोर दिया। इसके अलावा गो संरक्षण के लिए चारा विकास नीति के तहत नेपियर घास उत्पादन और चारागाह भूमि का टैगिंग करने और गो आश्रय स्थलों पर सीसीटीवी कैमरे लगाने के निर्देश दिए, ताकि निगरानी व सुरक्षा कड़ी बन सके।

बैठक में सीवीओ बरेली डा. मनमोहन पाण्डेय, गोशाला नोडल अधिकारी, डा. राकेश गंगवार, डा. सुषमा सिंह, जिला पंचायतराज अधिकारी कमल किशोर, समस्त बीडीओ आदि मौजूद रहे।

## राज्यपाल पहुंचे कैंटोनमेंट बोर्ड, सीईओ के साथ विकास कार्यों पर की चर्चा


धोपेश्वर नाथ मंदिर का निरीक्षण करते झारखंड के राज्यपाल संतोष गंगवार, साथ में प्रमुख सचिव आलोक व अन्य।

- राज्यपाल संतोष गंगवार और प्रमुख सचिव ने सीईओ के साथ धोपेश्वर नाथ मंदिर व विकसित धोपा चौक का निरीक्षण किया

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार:** झारखंड के राज्यपाल संतोष गंगवार शुक्रवार की शाम कैंटोनमेंट बोर्ड कार्यालय पहुंचे। इस दौरान मुख्य कार्यकारी अधिकारी डॉ. तनु जैन ने राज्यपाल का स्वागत किया। इस दौरान क्षेत्र में संचालित विकास कार्यों की विस्तृत जानकारी दी।

राज्यपाल ने कैंटोनमेंट क्षेत्र में चल रही विभिन्न परियोजनाओं, स्वच्छता व्यवस्था एवं नागरिक सुविधाओं का निरीक्षण किया। उन्होंने कार्यों की गुणवत्ता एवं सुव्यवस्थित क्रियान्वयन की सराहना करते हुए इसे सुशासन का उत्कृष्ट उदाहरण बताया। इसी दौरान प्रमुख सचिव आलोक पाण्डेय भी कैंटोनमेंट बोर्ड पहुंच गए। राज्यपाल सहित प्रमुख सचिव ने धोपेश्वर नाथ मंदिर एवं विकसित धोपा चौक का निरीक्षण किया। राज्यपाल ने मंदिर परिसर के सौंदर्यीकरण, धरोहर संरक्षण एवं धोपा चौक के आधुनिक एवं सांस्कृतिक स्वरूप की सराहना की। विकास कार्यों के लिए डॉ. तनु जैन के प्रयासों को पारंपरिक आस्था स्थलों के संरक्षण के साथ-साथ आधुनिक शहरी विकास के संतुलन की प्रेरणादायी पहल बताया। इस दौरान विभिन्न योजनाओं का प्रस्तुतीकरण और भविष्य की विकास योजनाओं पर भी विमर्श हुआ।

## महिला पुलिस कर्मियों ने जाना क्या होती है टीबी

- जिला क्षय रोग अधिकारी ने दी टीबी से बचाव और उपचार की जानकारी

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार:** पुलिस लाइन में प्रशिक्षण पत्र कर रहीं महिला पुलिसकर्मियों को क्षय रोग के बारे में जानकारी दी गयी।

शुक्रवार को पुलिस लाइन में उपस्थित सभी प्रशिक्षु एवं समस्त स्टाफ को टीबी के लक्षण, उपचार एवं बचाव के संबंध में विस्तार से समझाया गया। साथ ही निक्षय पोषण योजना के अंतर्गत उपचार अवधि में टीबी रोगियों को प्रति माह 1000 की आर्थिक सहायता प्रदान किए जाने की जानकारी साझा की गई। कार्यक्रम के दौरान टीबी मरीजों को "एडॉप्ट" करने की प्रक्रिया को सरल एवं स्पष्ट रूप से समझाया गया। इससे अधिकाधिक लोग इस पहल से जुड़ सकेंगे और टीबी मरीजों का इलाज किया जा सकेगा। जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ. इंतजार हुसैन ने बताया कि क्षय रोग जागरूकता के संबंध में स्वास्थ्य कर्मियों के द्वारा सभी ब्लॉक स्तर पर भी इस तरह की जागरूकता कार्यक्रम किए जा रहे हैं।


प्रशिक्षु महिला पुलिसकर्मियों क्षय रोग के बारे में जानकारी देते चिकित्सक। ● अमृत विचार

## परिवहन मेले में वाहन स्वामियों को वन टाइम टैक्स और छूट के बारे में बताया

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार:** संभागीय परिवहन कार्यालय परिसर में शुक्रवार को परिवहन मेले का आयोजन किया गया। मेले में वाहन स्वामियों, चालकों और आम लोगों को हल्के व्यावसायिक वाहनों पर लागू वन टाइम) कर व्यवस्था और विभागीय छूट के बारे में सरल भाषा में जानकारी दी गई। अधिकारियों ने लोगों की शंकाएं भी सुनीं और मौके पर समाधान बताया।

उप परिवहन आयुक्त (परिक्षेत्र) बरेली, कमल प्रसाद गुप्ता ने बताया कि 30 जनवरी 2026 से हल्के परिवहन वाहनों पर एकमुश्त कर की नई दरें लागू हैं। इसके तहत भाड़े पर चलने वाली बाइक टैक्सी पर वाहन मूल्य का 12.5 प्रतिशत, ऑटो रिक्शा पर 7 प्रतिशत, दस लाख रुपये तक कीमत वाले मोटर कैब व मैक्सी कैब


मेले में मौजूद परिवहन विभाग के अफसर। ● अमृत विचार

- संभागीय परिवहन कार्यालय परिसर में हुआ आयोजन
- वाहन स्वामियों ने जानें प्रशासनिक प्रक्रियाओं के भी आसान विकल्प

पर 10.5 प्रतिशत तथा दस लाख से अधिक कीमत वाले वाहनों पर 12.5 प्रतिशत कर देना होगा।इसी तरह विशेष प्रयोजन वाहनों पर 6 प्रतिशत तथा 3000 किलोग्राम तक जीवीडब्ल्यू वाले वाहनों पर 3 प्रतिशत और 3000 से 7500 किलोग्राम तक पर 6 प्रतिशत कर तय किया गया है। पहले से पंजीकृत वाहनों के लिए पुराने समय की गणना पर हर वर्ष 8 प्रतिशत की छूट दी जाएगी। आरटीओ प्रशासन पंकज सिंह ने मेले में हिट एंड रन दुर्घटनाओं में आर्थिक सहायता, राहवीर योजना, गोल्डन ऑवर और कैशलेस इलाज योजना के बारे में विस्तार से बताया। साथ ही इलेक्ट्रिक वाहनों के रजिस्ट्रेशन शुल्क, टैक्स और मिलने वाली सब्सिडी की जानकारी दी गई। आरटीओ प्रवर्तन प्रणव झा ने वाहन स्वामियों से अपील की कि वे अपने वाहनों का एकमुश्त कर यथाशीघ्र जमा कराएं।

### सिर की चोट के बाद उपचारत अधेड़ की मौत, बढ़ेंगी धाराएं

**आंवला/बरेली, अमृत विचार:** मोहल्ला जाटवपुरा निवासी प्रेमशंकर( 54) की शुक्रवार देर शाम उपचार के दौरान घर पर ही मौत हो गई। परिजनों के मुताबिक 29 दिसंबर 2025 को दूसरे समुदाय के कुछ आरोपियों ने उनका रास्ता रोककर पुराने मुकदमे में फैसले का दबाव बनाया था। आरोप है कि आरोपियों ने जातिसूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए लाठी-डंडों से उनकी जमकर पिटाई कर दी थी, जिससे उनके सिर में गंभीर चोटें आई थीं। घटना के बाद से प्रेमशंकर का इलाज चल रहा था। शुक्रवार को अचानक तबीयत बिगड़ने पर उनकी घर पर ही मौत हो गई। थाना पुलिस ने मौके पर पहुंची और शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। कार्यवाहक थाना प्रभारी अरविंद सिंह ने बताया कि मामले में पहले से रिपोर्ट दर्ज है।

**मांग** | भारतीय उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल ने डिप्टी डायरेक्टर प्रशासन को सौंपा ज्ञापन

## मंडी गेट पास पर अंकित समय-सीमा समाप्त हो

- शिकायतों के त्वरित निस्तारण को हर जिले में नोडल अधिकारी नियुक्ति की भी अपील

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार:** भारतीय उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल के जिलाध्यक्ष अनिल अग्रवाल के नेतृत्व में एक प्रतिनिधि मंडल ने शुक्रवार को राज्य कृषि उत्पादन मंडी परिषद के बरेली मंडल के डिप्टी डायरेक्टर (प्रशासन) डॉ. विश्वेंद्र कुमार से भेंटकर मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में मंडी गेट पास पर अंकित समय-सीमा समाप्त करने, प्रत्येक जिले में अधिकृत नोडल अधिकारी नियुक्त करने और ट्रांसपोर्ट क्षेत्र की व्यावहारिक समस्याओं के समाधान के लिए ठोस कदम उठाने की मांग की गई। प्रतिनिधिमंडल ने कहा कि


मंडी के डिप्टी डायरेक्टर (प्रशासन) डॉ. विश्वेंद्र कुमार से वार्ता करते व्यापारी। ● अमृत विचार

वर्तमान समय-सीमा व परिवहन, यातायात जाम, मार्ग अवरोध, वाहन खराबी और मौसम जैसी सामान्य परिस्थितियों में व्यावहारिक नहीं है।

जिलाध्यक्ष अनिल अग्रवाल ने कहा कि मंडी अधिनियम का उद्देश्य व्यापार सुगम बनाना है, न कि व्यापारियों और ट्रांसपोर्टरों पर अनावश्यक प्रतिबंध लगाना। शासन से मंडी संबंधी शिकायतों के लिए टोल-फ्री नंबर जारी किया गया है, पर अधिकृत जिला नोडल अधिकारी की व्यवस्था नहीं होने से इसका लाभ नहीं मिल पा रहा है। व्यापार मंडल के उपाध्यक्ष एवं फरीदपुर औद्योगिक क्षेत्र अध्यक्ष गुरप्रीत सिंह ने कहा कि प्रदेश के प्रत्येक जिले में मंडी मामलों के लिए एक जिम्मेदार 'जिला नोडल अधिकारी' नामित होना चाहिए, जिसका नाम, पदनाम और संपर्क नंबर सार्वजनिक रूप से उपलब्ध हो। ट्रांसपोर्ट संगठन के अध्यक्ष विशाल गोयल ने बताया कि समय-सीमा उल्लंघन का प्रभाव सबसे अधिक ट्रांसपोर्टरों पर पड़ता है। ज्ञापन सौंपने वालों में गौरव शर्मा, जसपाल सिंह बग्गा, अनुज गुप्ता, संजय सिंह, असीम जौहरी, प्लाईवुड कारोबारी महेश परवल, हर्ष खंडेलवाल आदि शामिल रहे।

## सिटी ब्रीफ

### महिला एवं पुरुष उत्पीड़न पर भाषण प्रतियोगिता 22 को

**बरेली, अमृत विचार :** पुरुष एवं महिला उत्पीड़न पर सामाजिक दृष्टिकोण विषय पर भाषण प्रतियोगिता रोटरी भवन में 22 फरवरी की दोपहर 3 बजे करायी जाएगी। आयोजन श्री अग्रसेन सेवा ट्रस्ट की ओर से समाज में सामाजिक जागरूकता अभियान के अंतर्गत कराया जा रहा है। इसे लेकर आज एक बैठक की गयी। ट्रस्ट अध्यक्ष प्रदीप कुमार अग्रवाल ने बताया कि भाषण प्रतियोगिता में विभिन्न महाविद्यालयों के छात्र-छात्राएं विचार व्यक्त करेंगे। कार्यक्रम संयोजिका डॉ. नूपुर गोयल ने बताया कि आज कल महिलाओं के साथ-साथ पुरुषों का भी उत्पीड़न अधिक हो रहा है। उत्पीड़न को कानून द्वारा रोका जाना चाहिए। कार्यक्रम में कई योजनाओं की शुरुआत करने पर विचार किया जाएगा। प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल में जज एडवोकेट हर्ष कुमार अग्रवाल, डॉ. राज कुमार, प्रो. मोनिका अग्रवाल एवं प्रो. नीलम गुप्ता रहेंगी। बैठक में कार्यक्रम संयोजक डॉ. नूपुर गोयल, सह संयोजक डॉ ममता गोयल, डॉ आरती गुप्ता, महामंत्री राम अवतार अग्रवाल, सुधीर कुमार व आलोक कुमार उपस्थित रहे।

### विश्व प्रसिद्ध पत्रिका में छपा बरेली के प्रोफेसर का शोध पत्र

**बरेली, अमृत विचार :** रुहेलखंड क्षेत्र को अंतरराष्ट्रीय मंच पर नई पहचान दिलाते हुए एमजेपी रुहेलखण्ड यूनिवर्सिटी से संबद्ध खंडेलवाल कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट साइंस



एंड टेक्नोलॉजी के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. मोहम्मद फहीम खान का शोध विश्वप्रसिद्ध चिकित्सा पत्रिका द लैंसेट रेस्पिरेटरी मेडिसिन में प्रकाशित हुई है। अध्ययन में एशिया महाद्वीप में वर्ष 1990 से 2023 तक दीर्घकालिक श्वसन रोगों की स्थिति, उनके प्रसार और प्रभाव का विस्तृत विश्लेषण प्रस्तुत किया गया है। शोध में अनेक देशों के विद्वानों का सहयोग रहा, जिससे इसके निष्कर्ष और अधिक प्रमाणिक बने हैं। इस अध्ययन में वायु प्रदूषण, औद्योगिक उत्सर्जन, वाहनों से निकलने वाला धुआं और घरेलू ईंधन को फेफड़ों से संबंधित रोगों की वृद्धि का प्रमुख कारण बताया गया है। डॉ. खान ने शोध की रूपरेखा तैयार करने, आंकड़ों के गहन परीक्षण और अंतिम संशोधन में महत्वपूर्ण योगदान दिया।

### मां दुर्गा की मूर्ति स्थापना का आयोजन

**मीरगंज/बरेली, अमृत विचार :** कस्बे में शुक्रवार को मां दुर्गा की मूर्ति स्थापित की गई। ललितपुरी मोहल्ले के प्राचीन मंदिर में यह स्थापना विधि-विधान से संपन्न हुई। मूर्ति स्थापना से पूर्व कस्बे में एक शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए।शुक्रवार दोपहर को माता रानी की प्रतिमा को एक रथ पर विराजमान कर पूरे कस्बे में नगर भ्रमण कराया गया। शोभायात्रा के दौरान जगह-जगह श्रद्धालुओं ने जयकारों के साथ प्रतिमा का स्वागत किया और पुष्प वर्षा की।कार्यक्रम के दौरान सुरक्षा व्यवस्था के कड़े इंतजाम किए गए थे। कस्बा इंचार्ज पंकज कुमार मय टीम के शोभायात्रा में पूरी तरह मुस्तैद रहे। प्रदीप यादव, प्रदीप सागर, अजय सागर, वीर सिंह सागर आदि मौजूद रहे ।

# वित्तीय साक्षरता और साइबर जागरूकता आज की जरूरत

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- फिशिंग कॉल, ओटीपी साझा करने की भूल कर देगी अकाउंट खाली
- बीआईयू कॉलेज ऑफ फार्मेसी में वित्तीय जागरूकता एवं प्रशिक्षण विषय पर हुआ कार्यक्रम

**अमृत विचार :** अंजान मैसेज पर क्लिक आपके अकाउंट को एक सेकंड में खाली कर सकता है। इसलिए किसी को भी अपना ओटीपी न बताएं और किसी अनजान मैसेज पर भेजे गए लिंक को भी क्लिक नहीं करें। और न ही कोई अनजान एप डाउनलोड करें। अपनी बैंकों की जानकारी गोपनीय रखें। इन्हीं तरीकों से साइबर क्राइम से बचा जा सकता है। यह बात राष्ट्रीय वित्तीय शिक्षा केंद्र से आए वित्तीय शिक्षा प्रशिक्षक रचित दीक्षित ने छात्रों को बतायी। वह शुक्रवार को बीआईयू कॉलेज ऑफ फार्मेसी में विद्यार्थियों को एक कार्यक्रम में सम्बोधित कर रहे थे।



बीआईयू कॉलेज ऑफ फार्मेसी में आयोजित जागरूकता कार्यक्रम में मौजूद विद्यार्थी। ● अमृत विचार

बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी के अंतर्गत संचालित बीआईयू कॉलेज ऑफ फार्मेसी में विद्यार्थियों के लिए वित्तीय जागरूकता एवं प्रशिक्षण विषय पर जागरूकता के लिए कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। प्रशिक्षक श्री दीक्षित ने आमदनी और खर्चों के संतुलन प्रबंधन, नियमित बचत की आदत सोच समझकर किए गए विवेकपूर्ण निवेश, कर योजनाओं समेत वित्तीय अनुशासन का महत्व बताया। साथ ही कहा कि डिजिटल युग में वित्तीय साक्षरता के साथ-साथ साइबर सतर्कता भी उतनी अनिवार्य है। सही एवं सुविचारित वित्तीय निर्णय व्यक्ति को आत्मनिर्भर बनते हैं और उसके भविष्य को सुरक्षित रखते हैं। विश्वविद्यालय की कुलपति डॉ. लता अग्रवाल ने कार्यक्रम की प्रशंसा कर कहा कि वित्तीय साक्षरता और साइबर जागरूकता आज के समय की अनिवार्य आवश्यकता है। उन्होंने विद्यार्थियों से प्राप्त ज्ञान को अपने दैनिक जीवन में अपने की बात कही। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर पुष्पेंद्र कनौजिया ने की।

# हाईस्कूल और इंटर की परीक्षा में 3294 विद्यार्थी रहे अनुपस्थित

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** जिले में यूपी बोर्ड हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की परीक्षा सीसीटीवी की निगरानी में हो रही है। सचल दल परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण कर रहे हैं। पहले दिन एक नकलची पकड़ा गया था। उसके बाद से टीमों को कोई भी नकलची नहीं मिला।

शुक्रवार को हाईस्कूल के सामाजिक विज्ञान का पेपर था। परीक्षा देकर केंद्र से बाहर आए छात्र-छात्राओं ने मिलीजुली प्रतिक्रिया दी। कुछ ने कहा कि पेपर सरल था तो कुछ ने कहा कि सवालों को घुमाकर पूछा गया था। इसलिए प्रश्नों को हल करने में समय लगा। वहीं, डीआईएसओ डॉ. अजीत सिंह ने बताया कि केंद्रों को पूरी तरह से सीसीटीवी से लैस किया गया है। 24 घंटे कंट्रोल रुम से नजर रखी जा रही है। सचल दल टीमे परीक्षा केंद्रो पर जाकर चेकिंग कर रही है। अब तक किसी परीक्षा केंद्र पर कोई नकल से जुड़ी सामग्री नहीं मिली है। शुक्रवार को हाईस्कूल और इंटर की परीक्षा से 3294 विद्यार्थी अनुपस्थित रहे। हाईस्कूल में सामान्य विज्ञान के पेपर में 2102 छात्र और 966 छात्राएं, जबकि इंटर में अंग्रेजी के पेपर में 1515 छात्र और 711 छात्राएं अनुपस्थित रहीं।

# नसीब से मिला है रमजान का महीना, गुनाहों से करें तौबा

## रजा मस्जिद में नमाज के दौरान तकरीर में सज्जादानशीन ने दिया पैगाम, पहले जुमे को नमाजियों से फुल रहीं मस्जिदें

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार:** दरगाह आला हजरत के सज्जादानशीन मुफ्ती अहसन मियां ने कहा कि अगर किसी शख्स को कोई गंभीर बीमारी है और रोजा रखने से बीमारी बढ़ने-सेहत को नुकसान का अंदेशा है-तो ऐसी सूरत में रोजा छोड़ सकते हैं। सेहत ठीक होने के बाद रोजों की कजा करना जरूरी है। रोजा हर मुसलमान पर फर्ज है। यह मुकद्दस महीना नसीब से मिला है। कसरत के साथ इबादत करें। गुनाहों से तौबा करें। दरगाह आला हजरत स्थित रजा मस्जिद में नमाज के दौरान अपनी तकरीर में सज्जादानशीन ने ये पैगाम दिया। मीडिया प्रभारी नासिर कुरैशी के मुताबिक, दरगाह प्रमुख और खानदान के बुजुर्गों ने रजा मस्जिद में नमाज अदा की।

आज रमजान का पहला जुमा था। मस्जिदें नमाजियों से फुल रहीं। आम दिनों की अपेक्षा पांचों वक्त नमाजियों की संख्या बढ़ी है। किला की शाही जामा मस्जिद में



नौमहला मस्जिद में रमजान पर जुमे की नमाज अदा करते रोजेदार। ● अमृत विचार



दरगाह आला हजरत स्थित रजा मस्जिद में नमाज पढ़ते रोजेदार। ● अमृत विचार

- पांचों वक्त की नमाज में आम दिनों की अपेक्षा बढ़े नमाजी, रमजान की फजीलत बयान की गई

शहर इमाम मुफ्ती खुर्शीद आलम ने नमाज अदा कराई। तकरीर में रमजान की फजीलत बयान की। मुल्क और मिल्लत की खुशहाली की दुआ की। शहर की दूसरी मस्जिदों में भी इमामों ने रोजे और जकात पर रोशनी डाली। रजा मस्जिद के इमाम मुफ्ती जईम रजा ने नमाज अदा कराई। दरगाह शाहदाना वली, दरगाह ताजुशशरिया, खानकाह-ए-नियाजिया, दरगाह शाह शराफ़त अली मियां, दरगाह वली मियां, दरगाह बशीर मियां, सिविल लाइंस की नौमहला मस्जिद, कचहरी वाली मस्जिद, आजम नगर की हरी मस्जिद, पुराना शहर की मिर्जाई मस्जिद, नूरानी मस्जिद, छः मीनारा मस्जिद, हबीबिया मस्जिद, हकीम गौसिया मस्जिद, बिहारीपुर की बीबी जी मस्जिद, आला हजरत मस्जिद, चौकी चौराहा वाली मस्जिद, कैंट की हाथी खाना मस्जिद, रेलवे स्टेशन की नूरी मस्जिद, सुभाष नगर की साबरी मस्जिद, जखीरा की इमली वाली मस्जिद, मलूकपुर की मुफ्ती आजम मस्जिद समेत तमाम दूसरी मस्जिदों में नमाज अदा की गई।

### इफ्तार के बाद सैलानी गुलजार

इफ्तार के वक्त सैलानी का बाजार गुलजार हो जा रहा है। शुक्रवार की शाम का नजारा देखने लायक था। सड़क किनारे खानपान की दुकानें सज रही हैं। गलियां भीड़ से खचाखच भरी रहीं। देररात तक यहां दुकानों पर भीड़ उमड़ती रही। दूर दराज से लोग इफ्तार के बाद देर रात तक सैलानी और आजमनगर के होटल में खानपान के लिए पहुंच रहे हैं।

# प्रथम सेमेस्टर की परीक्षाओं के लिए जारी किए निर्देश

**बरेली, अमृत विचार:** एमजेपीआरयू ने नई शिक्षा नीति 2020 के अनुसार स्नातक स्तर के विभिन्न पाठ्यक्रमों (बीए, बीएससी, बीकॉम, बीबीए, गृहविज्ञान और हेल्थ केयर सहित) की प्रथम सेमेस्टर 2026 की बाह्य प्रयोगात्मक और आंतरिक परीक्षाएं 25 फरवरी तक संपन्न कराने के निर्देश जारी किए हैं।

परीक्षा नियंत्रण के जारी आदेश में कहा गया है कि सभी संबद्ध महाविद्यालयों को यह सुनिश्चित करना होगा कि परीक्षाओं के परिणाम समर्थ पोर्टल पर समय से अपलोड करने होंगे। निर्धारित तिथि के बाद अंक न भेजने वाले महाविद्यालयों के परिणाम घोषित नहीं किए जाएंगे।

स्पष्ट किया है कि परीक्षाओं के आंतरिक अंक समर्थ पोर्टल पर अपलोड किए जाएंगे और बाह्य परीक्षाओं के अंक भी विश्वविद्यालय स्तर पर अपलोड कर प्रिंट निकाल कर जमा करना अनिवार्य होगा। किसी भी प्रकार की समस्या होने पर परीक्षा नियंत्रक डॉ. विशाल सक्सेना से संपर्क करने को कहा गया है।

# छात्रों को बौद्धिक संपदा अधिकार का महत्व बताया

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी के फैकल्टी ऑफ एलाइड हेल्थ साइंसेज द्वारा बौद्धिक संपदा अधिकार विषय पर एक ऑनलाइन जागरूकता व्याख्यान का आयोजन किया गया। व्याख्यान का उद्देश्य विद्यार्थियों एवं शिक्षकों को बौद्धिक संपदा के महत्व, उसके संरक्षण तथा वर्तमान समय में उसकी प्रासंगिकता के प्रति जागरूक करना था।

कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में राजीव गांधी राष्ट्रीय बौद्धिक संपदा प्रबंधन संस्थान, नागपुर से डॉ. भरत एन. सूर्यवंशी ने अपने व्याख्यान में पेटेंट, कॉपीराइट, ट्रेडमार्क तथा औद्योगिक डिज़ाइन जैसे विभिन्न बौद्धिक संपदा अधिकारों की विस्तृत जानकारी दी। बताया कि नवाचार, अनुसंधान एवं आविष्कारों की सुरक्षा के लिए बौद्धिक संपदा अधिकारों का



बौद्धिक संपदा अधिकार पर आयोजित जागरूकता कार्यक्रम में मौजूद विद्यार्थी व शिक्षक। ● अमृत विचार

- पेटेंट, कॉपीराइट, ट्रेडमार्क तथा औद्योगिक डिज़ाइन जैसे मुद्दों पर की बातचीत

ज्ञान अत्यंत आवश्यक है। उनके प्रस्तुतीकरण को प्रतिभागियों ने अत्यंत सराहा।

इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. प्रशांत गुप्ता ने बताया कि वर्तमान प्रतिस्पर्धात्मक युग में बौद्धिक संपदा अधिकारों की समझ विद्यार्थियों एवं शोधकर्ताओं के लिए अनिवार्य हो गई है।

कार्यक्रम का सफल समन्वयन शैक्षणिक प्रभारी डॉ. अमरनाथ शर्मा द्वारा किया गया। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ (आईक्यूएसी) के समन्वयक सरनाम सिंह उपस्थित रहे। इसके अतिरिक्त डॉ. अनमोल शर्मा, महिमा तिवारी, डॉ. साक्षी भटनागर, डॉ. अंशुल यादव, गुलाफशा सैफी तथा राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी अंकित कुमार सहित अन्य संकाय सदस्य एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के समापन पर कुलपति डॉ. लता अग्रवाल ने अपने संदेश के माध्यम से आयोजकों को शुभकामनाएं दी। कहा कि इस प्रकार के शैक्षणिक एवं जागरूकता कार्यक्रम विद्यार्थियों के ज्ञानवर्धन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

# मां भवानी मंदिर में देवी दर्शन किए

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- पंच दिवसीय प्राण प्रतिष्ठा समारोह शुक्रवार को सम्पन्न हो गया
- 13 महीने पूरा हुआ मां भवानी मंदिर का निर्माण

**अमृत विचार :** बाबा त्रिवटीनाथ मंदिर परिसर में जगत जननी मां भवानी के दिव्य मंदिर भवन में पंच दिवसीय प्राण प्रतिष्ठा समारोह शुक्रवार को भक्तिभाव के साथ सम्पन्न हो गया। हजारों की संख्या में भक्तों ने मां भवानी के दर्शन कर प्रसाद ग्रहण किया। मंदिर सेवा समिति ने लगभग 13 माह में भवानी मंदिर निर्माण का संकल्प पूरा किया।

मंदिर समिति के मीडिया प्रभारी संजीव औतार अग्रवाल ने बताया कि मंदिर में आने वाले भक्तों का भाव था कि मन्दिर में अलग से मां भवानी का मंदिर निर्मित होना चाहिए। अभी तक मां नवदुर्गा के सभी स्वरूप मंदिर के शिवालय में विराजमान थे। यह गौरव की बात है कि इस अल्प अवधि में मां भवानी मंदिर निर्माण का कार्य पूर्ण हो गया। प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव कार्यक्रम के पंचम दिवस शुक्रवार को मंदिर की यज्ञशाला में हवन के साथ कार्यक्रम





त्रिवटी नाथ मंदिर परिसर स्थित मां भवानी मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा समारोह में मौजूद श्रद्धालु।

प्रारंभ हुआ। इसके बाद दुर्गा सप्तशती पाठ, पूजन-अर्चन और वैदिक रीति के अनुसार मां भवानी के दिव्य मन्दिर के प्राण प्रतिष्ठा का कार्य सम्पन्न हुआ।

मां भवानी के स्वरूप सिंह पर सवार हैं, अति मनमोहक आशीर्वाद मुद्रा मुस्कान लिए हुए हैं। मंदिर सेवा समिति ने महाआरती का आयोजन किया। इस मौके पर 108 दीप जलाए। 108 घंटियों से मां के जयकारों के साथ पूरा मंदिर गुंजायमान हो रहा था। शंखनाद, घंटों की ध्वनि व भक्तिरस की गंगा से भक्त भाव विभोर हो रहे थे।

मेयर डॉ. उमेश गौतम, पूर्व विधायक राजेश मिश्रा उर्फ पप्पू भरतौल, एसपी सिटी मानुष पारिक आदि ने मां के दर्शन किये। प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव में मन्दिर सेवा समिति के प्रताप चंद्र सेठ, संजीव औतार अग्रवाल, सुभाष मेहरा, हरिओम अग्रवाल, अरुण गुप्ता, ब्रजेश शर्मा, विनय कृष्ण अग्रवाल, कृष्णा अग्रवाल, नवीन गोयल, विकास सिंघल आदि का सहयोग रहा।

# स्कूल में बच्चों के लिए होगी बेबी प्रतियोगिता, विजेता होंगे पुरस्कृत

**बरेली, अमृत विचार :** क्रिएशंस स्कूल 2 साल से 6 साल तक के बच्चों के लिए बेबी प्रतियोगिता कराएगा। इसमें बच्चे उम्र के हिसाब से खेल में भाग लेंगे। विजेताओं को पुरस्कृत किया जाएगा।

स्कूल के प्रिंसिपल का कहना है कि सालों से वो स्कूलों में कार्यक्रम कराते आ रहे है। इस बार कुछ चीजों को बदला गया है। स्कूल में होली कार्निवल होगा, बेबी शो होंगे, आर्ट कंपटीशन, आर्ट एंड क्राफ्ट एग्जीबिशन, फंड राइट्स और लकी ड्रॉ होंगे। जीतने वालों बच्चों को अट्रैक्टिव गिफ्ट भी दिए जाएंगे।

**आवश्यकता है**

- कंप्यूटर ऑपरेटर (MS ऑफिस अनिवार्य, Corel Draw अनुभवी को वरीयता)
- नर्स ANM/GNM
- पंचकर्म थेरेपिस्ट/असिस्टेंट (Male, Female)
- आयुर्वेदिक मेडिकल स्टोर पर कार्य हेतु अनुभवी लड़के/लड़की
- रसोइया
- वार्ड बॉय

रोहिलखंड आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल

सेक्टर-7, रामगंगा नगर योजना डोहरा रोड, बरेली

मो. +91-8077808309, 9837357497

# मानदेय वृद्धि की घोषणा से छाई खुशी

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार:** योगी सरकार ने शिक्षामित्रों के मानदेय में 8000 रुपये की बढ़ोत्तरी करने का बड़ा फैसला लिया है।

इसका एलान विधानसभा के बजट सत्र के अंतिम दिन मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपने संबोधन में किया। पहले शिक्षामित्रों को 10 हजार रुपये प्रति माह मानदेय मिलता था, अब सरकार ने इसे बढ़ाकर 18 हजार रुपये प्रति माह कर दिया है।

इस निर्णय से जिले के हजारों शिक्षामित्रों में खुशी की लहर दौड़ गयी है। उन्होंने फैसले का स्वागत करते हुए मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया है। शिक्षामित्रों का मानना है कि बढ़े हुए मानदेय से उनकी आर्थिक स्थिति में सुधार होगा और वे अपने परिवार की आवश्यकताओं को बेहतर ढंग से पूरा कर सकेंगे।

- विधानसभा के बजट सत्र के अंतिम दिन सीएम की घोषणा से गदगद हैं शिक्षामित्र



आखिरकार सरकार ने मांगों को पूरा कर दिया है। यह शिक्षामित्रों और उनके परिजनों के हित में होली से पहले लिया यह निर्णय सराहनीय है। **- अरविंद गंगवार**, जिला उपाध्यक्ष प्राथमिक शिक्षामित्र संघ बरेली।



शिक्षामित्रों के मानदेय बढ़ाने का निर्णय अत्यंत सराहनीय एवं ऐतिहासिक है। इस निर्णय से बरेली जनपद के शिक्षामित्रों की अटूट निष्ठा का सम्मान है। इस प्रेरणादायी निर्णय के लिए मुख्यमंत्री का हार्दिक अभिनंदन करते हैं। **- कपिल यादव**, जिलाध्यक्ष उत्तर प्रदेश प्राथमिक शिक्षामित्र संघ जनपद बरेली



मानदेय बढ़ाए जाने की मांग लंबे समय से की जा रही थी। बजट सत्र में मानदेय वृद्धि की घोषणा से शिक्षामित्रों के जीवन मे खुशहाली आएगी। संघ मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त करता है। **- कुमुद केशव पांडे**, जिला महामंत्री प्राथमिक शिक्षामित्र संघ, बरेली



विधानसभा के बजट सत्र के अंतिम दिन मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मानदेय वृद्धि की घोषणा से शिक्षामित्रों की आर्थिक स्थिति में सुधार आएगा। मुख्यमंत्री का यह निर्णय ऐतिहासिक है। **- संजू कटियार**, महिला जिलाध्यक्ष, प्राथमिक शिक्षामित्र संघ



मानदेय बढ़ाने की घोषणा से अब शिक्षामित्र के परिवार मे खुशियों की लहर है। महज दस हजार रुपये का मानेदय मिल रहा था, जिसमें घर परिवार का खर्चा चलना मुश्किल था। **- अनिल गंगवार**, जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष, प्राथमिक शिक्षामित्र संघ बरेली

# कलश यात्रा के साथ लक्ष्मी नारायण महायज्ञ का शुभारंभ

**बरेली, अमृत विचार:** चौबारी क्षेत्र रामगंगा के तट पर स्थित जयदेवी संस्कृत माध्यमिक विद्यालय प्रागंण में स्वामी त्रेतानंद गिरी महाराज की गोशाला में शुक्रवार से श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ एवं श्रीमद् भागवत महाकथा का शुभारंभ हो गया। इससे पहले कलश यात्रा निकाली गयी। जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने हिस्सा लिया।

कलश यात्रा रामगंगा के पावन तट से गोशाला पहुंचकर संपन्न हुई। कथा व्यास ब्रह्मस्वरूप शर्मा, यज्ञाचार्य अनिल शर्मा ने श्री गौरी गणेश पूजन कराकर यात्रा प्रारंभ की। देवेश मिश्रा, जितेंद्र मिश्रा, हिमांशु शर्मा, अंकित मिश्रा, मोनू शर्मा, अनुभव मिश्रा आदि ने पूजन कराया। इस मौके पर सोमपाल मिश्रा, गजेंद्र पांडेय, एमडी मिश्रा, कौशल सारस्वत, केसी मिश्रा, पुरुषोत्तम शर्मा, रमेश तिवारी, राजेश दीक्षित, चंचल गुप्ता आदि मौजूद रहे।

# बरेली कॉलेज: छात्र समस्याओं की अनदेखी पर जताया विरोध



प्राचार्य प्रो. ओपी राय को ज्ञापन देने पहुंचे महानगर समाजवादी छात्र सभा के पदाधिकारी।

**बरेली, अमृत विचार :** बरेली कॉलेज में व्याप्त अव्यवस्थाओं और छात्रों की मूलभूत समस्याओं को लेकर समाजवादी छात्र सभा ने प्राचार्य को ज्ञापन सौंपा। छात्रसभा के महानगर अध्यक्ष विक्रांत सिंह पाल के नेतृत्व में छात्र नेताओं ने कहा कि बार-बार ज्ञापन देने के बावजूद कॉलेज प्रशासन छात्रों की समस्याओं पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं कर रहा है।

बताया कि कॉलेज के छात्रावास, खेल सुविधाएं, स्वच्छ पेयजल और शौचालय जैसी आवश्यक सुविधाएं पूरी तरह दुरुस्त नहीं हैं। कॉलेज ग्राउंड का राजनीतिक और गैर-शैक्षणिक उपयोग रोकने, केंद्रीय पुस्तकालय स्थापित करने और छात्र संघ चुनाव शीघ्र कराने की मांग भी ज्ञापन में शामिल की गई है। विक्रांत सिंह पाल ने स्पष्ट कहा कि यदि प्रशासन ने छात्रों की समस्याओं को प्राथमिकता नहीं दी, तो समाजवादी छात्र सभा बड़े आंदोलन और प्रदर्शन के लिए बाध्य होगी। दीपक यादव, अभिषेक रॉय, रवि वाल्मीकि, विजनेश पाल, लकी पाल, अनिकेत सिंह यादव, दीपक यादव, किशन यादव, आकाश यादव, शाहबाज राशिद, दीपक बघेल ,शोएब खान, नदीम अंसारी आदि मौजूद रहे।